- Shuva Abirbhav Mahamahotsav of Brajavidehi Mahanta & Sri Mahanta of Vaishnava Chatuh Sampradaya - Sri Sri 108 Swami Rash Behari Das Kathia Babaji Maharaj will be celebrated at Karimganj from 6 December, 2014 to 13 December, 2014 under the auspices of Sri Kathia Baba Charitable Trust, Karimganj. The programme will consist of *Srimad Bagawat Katha, Sri Gopal Maha Yajna, Yugal Naam Sankirtan, Akhanda Prasad Distribution etc.* Several other cultural and charitable programmes are also on the anvil. Invitation is extended to all devotees across the country to partake of this joyous celebration.

- Your attention is drawn towards the Smriti Mandir that is being constructed in honour of Sri Sri 108 Swami Ramdas Kathia Babaji Maharaj at Lonachameri (the birth place of Sri Kathia Baba) located at a short distance from Amritsar, Punjab.

- The construction of Sri Nimbarka mandir at Siliguri and that of Sri Dhananjoydas Kathia Baba Sevashram at Dhakshineshwar, Kolkata is underway

and is steadily progressing towards completion.

- Any grievance related to the non-receipt of letters and publications being circulated by the Ashram may kindly be directed to- Sri Kathia Baba Ka Sthan, Gurukul Road, PO: Vrindavan, Dist. Mathura, UP- 281121.

- Any donation towards ashram construction, *Nitya Seva*, charitable activities and other services conducted under the auspices of Sri Kathia Baba Charitable Trust may kindly be sent in favour of Sri 108 Swami Rash Behari Das Kathia Babaji Maharaj at the following address:
Sri Kathia Baba Ka Sthan
Gurukul Road, PO: Vrindavan,
Dist. Mathura, UP- 281121.
Alternatively, the amount may be transferred through internet banking to the following account:
Thakurjee Sri Sri Vrindaban Beharijee
A/C No. – 10684298672
SBI, Vrindavan, Branch Code: 2502,
IFSC – SBIN0002502

Divya Vani

- Your tongue will be consecrated by procuring prasad, the fragrance of the garlands offered to Sri Sri Thakurji, sanctifies your nose and if you hear the "*Radhe Krishna Radhe Krishna Krishna Krishna Radhe Radhe*" chanting your ears will become sanctified and if you see the deity of Sri Sri Thakurji, your eyes will be hallowed. In this way if you dedicate all your organs , you will be free from any blemish.

– Swami Ram Das Kathia Babaji Maharaj

- When a person is under stress and strains, and feels humiliated or insulted, he should not be disappointed at all.It is God's peculiar way of bringing you nearer to Him through suffering.

– Swami Santa Das Kathia Babaji Maharaj

- Respect your parents. Their blessings will bring for you the benediction of the Lord.

– Swami Dhananjoy Das Kathia Babaji Maharaj

- You should not hurt other even by your words. You must not speak an unpleasant truth unnecessarily. You will loss your receptivity if you have no control over your speech.
- Prasad, i.e. edible things offered to Sri Thakurjee is the most precious food. Nothing can be compared with the prasad. The excellence of prasad is inexpressible. Always take prasad with a great reverence, do not waste a bit of it.

– Swami Rash Bihari Das Kathia Babaji Maharaj

Ashrams of Sri Kathiababa Charitable Trust
Sri Kathiababa ka Sthan, Sridham Vrindaban

Head Quarters
Sri Kathiababa ka Sthan
Gurukul Road, Sridham Vrindaban, Mathura, U.P.
Ph. : 0565 2442770

Branch Ashrams :

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Devpura, Haridwar,
  Uttaranchal
  Phone – 01334-226730

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Baliapanda, Sipasurubali,
  Puri, Orissa
  Phone – 06752-230244

- **Sri Nimbark Smriti Sangrahalaya**
  Gopal Dham, 46/39 S.N. Banerjee Road
  Kolkata – 700014
  Phone: -+91-9831338884, 9331941655

- **Sri Nimbark Ashram**
  Badhar Ghat Agartala, Ph. – 09436124615

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Vill-Daulatpur, PO:-Sendanga,
  Ashok Nagar, North 24 Parganas, W.B.
  Phone -+91- 9733658641

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Milan Mandir**
  Vill+PO: Manik Bazar,
  Bankura, Phone-:+91-9434185554

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Ghoghomali bazaar, Siliguri,
  phone: 9435037856

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa sevashram**
  Kailasahar, assam

- **Sri nimbarka sadhanashram**
  Murabasti, lamding,
  assam

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Temple Road,
  Pandu, Guwahati-12,
  Assam
  Phone:-+91-9435042912

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Ashwini Dutta Road
  Tinsukia, Assam,
  Phone: - +91-9435037856

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  Opp. – Rukmini Mandir
  Dwarka, Gujrat
  Phone : 09401352121

- **Sri Dhananjoy Das Kathiababa Sevashram**
  (Under Construction)
  11, Upendranath Mukherjee Road,
  P.O. : Dakshineswar,
  Kolkata-700076.
  Phone – +91-9874452658

Wednesday, October 12, 2016
3:02 PM

राधे कृष्ण राधे कृष्ण कृष्ण कृष्ण राधे राधे राधे श्याम राधे श्याम श्याम श्याम राधे राधे

श्रीनिम्बार्कज्योति

निम्बार्कज्योतिरस्माकं चेतसस्तिमिरापहम्।
ज्योतिषा द्योतयन लोकं जयताद् भुवि सर्वदा।।

राधे कृष्ण राधे कृष्ण कृष्ण कृष्ण राधे राधे राधे श्याम राधे श्याम श्याम श्याम राधे राधे

नियमावली

- 'श्रीनिम्बार्क ज्योति' का वर्ष अप्रैल/मई अक्षयतृतीया से प्रारम्भ होता है।
- आप कभी भी इसका आजीवन सदस्यता शुल्क १२०० रुपये भेजकर सदस्य बन सकते है। जो आजन्म के लिए सदस्य बनना चाहते हैं वे ही सदस्यता शुल्क भेजें। वार्षिक/मासिक शुल्क ग्रहणयोग्य नहीं है।
- साल के किसी मास से सदस्य बन सकते हैं। सदस्य हो या न हो कोई भी पत्र सेवार्थ सहायता भेज सकते हैं।
- 'श्रीनिम्बार्क ज्योति' में केवल शोधपूर्ण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रबन्ध, कविता, कहानी तथा भक्तचरितादि ही छपते है। अत: कृपया अन्य विषय के लेख आदि भेजने का कष्ट न करें। अमनोनीत लेख आदि वापस नहीं भेजा जायेगा।
- किसी भी लेख आदि को छपाना या न छपाना पूर्ण रूप से सम्पादक का इच्छाधीन है। अत: सारगर्भ लेख आदि भेजने में ध्यान रखें।
- इस पत्र विषयक विशेष जानकारी के लिए- 'श्रीनिम्बार्क ज्योति कार्यालय' श्रीगोपाल धाम, ४६/३९, एस.एन.बनर्जी रोड, कोलकाता-७०० ०१४, फोन- ९८३१३३८८८४ से सम्पर्क करें।
- समालोचना के लिए किसी भी धार्मिक एवं साहित्यिक पुस्तक भेज सकते हैं।

श्रीकाठियाबाबा का स्थान गुरुकुल रोड श्रीधाम वृन्दावन के द्वारा होनेवाली जनसेवार्थ पारमार्थिक सेवायें

''श्रीनिम्बार्कज्योति'' भाषात्रयात्मक- पत्र का प्रकाशन, अंग्रेजी, हिन्दी, उड़िया, बंगला एवं असमी भाषाओं में ग्रन्थों का प्रकाशन, ''काठियाबाबा पुस्तकालय'' विश्व में श्रीनिम्बार्क दार्शनिक मतवाद का प्रचार प्रसार अखण्ड सन्तसेवा, भारत तथा विदेशों में आश्रमों का निर्माण।

शुभ प्रकाश - गुरू पूर्णिमा १२.०७.२०१४

विषय-सूची

- विशुद्ध श्रीश्रीगुरुपरम्परा ३०
- सम्पादकीय ३१
- श्रीकाठियाबाबा चेरिटेवल ट्रस्ट, श्रीधाम वृन्दावन, द्वारा परिचालित सेवायें ३३
- विवेकयुक्त जीवन ही मानव-जीवन है .... श्रीमगनलालजी चाण्डक ३४
- मैं कौन हूँ? (यथागत/तथागत) .... श्रीवालकृष्णजी गर्ग ३६
- मातृदेवो भव! .... संत श्रीविनोबा भावे ३७
- 'करने' में सावधान और 'होने' में प्रसन्न [स्वस्थ एवं शान्त रहनेका महामन्त्र] .... डॉ० श्रीभीकमचन्दजी प्रजापति ३९
- अपनेको जानौ .... डॉ० श्रीगणेशदत्तजी सारस्वत ४३
- श्रीहरिको प्रेमपूर्वक हृदयमें धारण करनेका फल .... श्री जय जय बाबा ४६
- भागवतधर्म—पञ्चम पुरुषार्थ .... बालयोगी श्रीशंकरानन्दजी ब्रह्मचारी ४८
- हिन्दी-कवियोंके नीतिवचनामृत .... प० श्रीउमाशंकरजी मिश्र 'रसेन्दु' आचार्य ५१
- आश्रम संवाद ५४
- श्रीधाम वृन्दावन द्वारा परिचालित आश्रमसमूह का पता एवं फोन नम्बर ५६

विशुद्ध श्रीश्रीगुरुपरम्परा

१) श्रीहंस (नारायण) भगवान्
२) श्रीसनकादि भगवान्
३) श्रीनारद भगवान्
४) श्रीनिम्बार्क भगवान्
५) श्रीनिवासाचार्यजी महाराज
६) श्रीविश्वाचार्यजी महाराज
७) श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी महाराज
८) श्रीबिलासाचार्यजी महाराज
९) श्रीस्वरूपाचार्यजी महाराज
१०) श्रीमाधबाचार्यजी महाराज
११) श्रीबलभद्राचार्यजी महाराज
१२) श्रीपद्माचार्यजी महाराज
१३) श्रीश्यामाचार्यजी महाराज
१४) श्रीगोपालाचार्यजी महाराज
१५) श्रीकृपाचार्यजी महाराज
१६) श्रीदेवाचार्यजी महाराज
१७) श्रीसुन्दर भट्टाचार्यजी महाराज
१८) श्रीपद्मनाभ भट्ट महाराज
१९) श्रीउपेन्द्र भट्ट महाराज
२०) श्रीरामचन्द्र भट्ट महाराज
२१) श्रीबामन भट्ट महाराज
२२) श्रीकृष्ण भट्ट महाराज
२३) श्रीपद्माकर भट्ट महाराज
२४) श्रीश्रवण भट्ट महाराज
२५) श्रीभूरि भट्ट महाराज
२६) श्रीमाधव भट्ट महाराज
२७) श्रीश्याम भट्ट महाराज
२८) श्रीगोपाल भट्ट महाराज
२९) श्रीबलभद्र भट्टाचार्यजी महाराज
३०) श्रीगोपीनाथ भट्ट महाराज
३१) श्रीकेशव भट्ट महाराज
३२) श्रीगांगल भट्ट महाराज
३३) श्रीजगद्विजयी श्रीकेशवकाश्मीरि भट्ट महाराज
३४) आदिवाणीकार श्रीश्रीभट्टाचार्यजी महाराज
३५) महावाणीकार श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज
३६) श्रीस्वभूराम देवाचार्यजी महाराज
३७) श्रीकर्णहर देवाचार्यजी महाराज
३८) श्रीपरमानन्द देवाचार्यजी महाराज
३९) श्रीचतुरचिन्तामणि देवाचार्यजी महाराज (नागाजी)
४०) श्रीमोहन देवाचार्यजी महाराज
४१) श्रीजगन्नाथ देवाचार्यजी महाराज
४२) श्रीमाखन देवाचार्यजी महाराज
४३) श्रीहरि देवाचार्यजी महाराज
४४) श्रीमथुरा देवाचार्यजी महाराज
४५) श्रीश्यामलदासजी महाराज
४६) श्रीहंसदासजी महाराज
४७) श्रीहीरादासजी महाराज
४८) श्रीमोहनदासजी महाराज
४९) श्रीनेनादासजी महाराज
५०) काठकौपिन प्रबर्तक श्रीइन्द्रदास काठिया बाबाजी महाराज
५१) श्रीबजरंगदासजी काठिया बाबाजी महाराज
५२) श्रीगोपालदासजी काठिया बाबाजी महाराज
५३) श्रीदेवदासजी काठिया बाबाजी महाराज
५४) ब्रजविदेही चतुःसम्प्रदाय श्रीमहन्त श्रीरामदास काठिया बाबाजी महाराज
५५) ब्रजविदेही चतुःसम्प्रदाय श्रीमहन्त श्रीसन्तदास काठिया बाबाजी महाराज
५६) ब्रजविदेही चतुःसम्प्रदाय श्रीमहन्त श्रीधनंजयदास काठिया बाबाजी महाराज
५७) ब्रजविदेही चतुःसम्प्रदाय श्रीमहन्त श्रीस्वामी रासविहारीदास काठिया बाबाजी महाराज (वर्तमान)

सम्पादकीय

त्याग साधन ही परमशान्ति का उपाय है

मानव जीवन का चरम लक्ष्य भगवत्प्राप्ति ही है। किन्तु शास्त्रकारों ने और अनुभवी सन्तों ने भगवत्प्राप्ति के मार्ग में कई विघ्न ऐसे बतलाते हैं, जिनको पार किये बिना भगवान की प्राप्ति के मार्गपर आगे बढ़ना बहुत ही कठिन है। उन विघ्नों में प्रधान विघ्न हैं— अहंकार, ममता, कामना एवं आसक्ति। अज्ञान या मोह तो इन सबका मूल कारण ही है। अज्ञान के नाश से इन सबका नाश अपने आप हो जाता है। अज्ञान कहते है न जानने को और न जानने का मतलब है भगवान के स्वरूप को न जानना। जिनको भगवान के स्वरूप की पहचान हो जाती है, वे इन सारे विघ्नों को सहज ही पार कर जाते हैं। परंतु अज्ञान का नाश न हो, जब तक भगवान के तत्त्व-स्वरूप की जानकारी न हो, तब तक क्या हाथ पर हाथ धरे यों ही बैठे रहना चाहिये? नहीं आसक्ति, कामना, ममता और अहंकार का प्रयोग बुद्धिमानी पूर्वक भगवान में करना चाहिये। आदर्श ऐसा होना चाहिये कि एकमात्र भगवान में ही आसक्ति हो, एकमात्र भगवान को ही पाने की अनन्य कामना हो, एकमात्र श्रीभगवान के चरणों में ही अहेतुकी ममता हो, और एकमात्र श्रीभगवान के दासत्त्व का ही भक्त हृदय में शान्ति-सुधा बरसाने वाला आदरणीय अहंकार हो। इस प्रकार इन चारों के दिशा परिवर्तन का अभ्यास करने से क्रमशः इनका दूषित रूप नष्ट हो जायगा। तब ये मोह के पोषक न हो कर उसका नाश करने में सहायता देंगे और ज्यों ज्यों मोह का नाश होगा, त्यों त्यों भगवान के स्वरूप का ज्ञान होगा, त्यों ही त्यों एकमात्र उन्हीं के साथ इन चारों का संबंध बढ़ जायगा। फिर तो इनका नाम भी बदल जायगा और इन्हें विशुद्ध अव्यभिचारिणी भक्ति के रूप में पाकर भक्त कृतार्थ होगा। उस भक्ति के द्वारा भगवान की यथार्थ जानकारी तथा भगवत्तत्त्व का सम्यक ज्ञान होगा और उस ज्ञान का उत्पन्न होते ही भक्त अपने भगवान का साक्षात्कार प्राप्त करके कृतार्थ हो जायगा।

हमारी वृत्तियाँ सदा ही वहिर्मुखी रहती है, विषयों में कार्य जगत् में लगी रहती है। इसमें जहाँ जहाँ हमें इन्द्रियों को तृप्त करने वाला पदार्थ दीख-सुन पड़ते है, वहाँ वहाँ ही हमारा चित्त जाता है। हम उन्हीं में सुख खोजते है, परंतु यह नहीं जानते कि दिन के साथ रातकी भाँति इस सुख का सहचर दुःख सदा इसके साथ रहता है। हम सुख चाहते है और दुःख से बचना चाहते है। इसीलिए हमें दुःख भोगना पड़ता है। यदि वास्तव में हमें दुःख से बचना है तो सुख की स्पृहा भी छोड़ देनी पड़ेगी। हम उस परम सुख को तो चाहते नहीं जो सदा रहता है, जो कभी घटता-वढ़ता नहीं, जो असीम और अनन्त हैं। हम तो चाहते क्षणिक इन्द्रिय सुख, जो वास्तव में नहीं केवल भ्रमसे भासता है और विजली की तरह एकवार चमककर तुरन्त ही नष्ट हो जाता है। परंतु हम अबोध इस बात को जानते नहीं, इसी से उसके पीछे पड़े रहते है और एक दुःख के गड्ढे से निकलकर तुरंत ही दूसरा गड्ढा खोदने लगते है।

इस इन्द्रिय सुख के प्रधान-प्रधान माने गये है दो पदार्थ— एक ''स्त्री'' और दूसरा ''धन''। इसीलिए शास्त्रों ने बड़े जोरों से इनकी बुराइयों की घोषणा करके कामिनी-कांचन के त्याग का बार बार उपदेश दिया है। बात यह है कि उन विषयासक्त मनुष्य की वहिर्मुखी इन्द्रियाँ स्वाभाविक ही उन आपातरमणीय विषयों की ओर दौड़ती है। कामिनी-कांचन में रमणीयता प्रसिद्ध है। इनकी ओर लगने के लिए किसी को उपदेश नहीं करना पड़ता। अपने-आप ही इन्द्रियाँ मन को इनकी ओर खींच लेती है। जगत के इतिहास को देखने से पता लगता है कि संसार के महायुद्धों में भीषण नरसंहार में कामिनी-काञ्चन ही प्रधान तथा कारण हुए है। यहाँ इतनी बात और याद रखनी चाहिये कि पुरुष के लिए जैसे स्त्री आकर्षक है, वैसे ही स्त्री के लिए पुरुष। जैसे पुरुष का चित्त कामिनी-काञ्चन के लिए छटपटाता है, उसी प्रकार स्त्री का चित्त भी पुरुष और धन के लिए ललचाता रहता है।

परिणाम नहीं जानते इसलिए पुरुष नारी के सौन्दर्य पर और नारी पुरुष के सौन्दर्य पर मोहित होती है। और इसी लिए

विलासिता का सामान एकत्र करने की अभिलाषा से नर-नारी धन की ओर आकर्षित होते हैं। जैसे स्त्री या पुरुष के अधिक भोग से धन, धर्म और जीवनीशक्ति का नाश होता है, वैसे ही धन के लोभ से भी स्वास्थ्य, धर्म-कर्म और जीवन की वलि देनी पड़ती है। एकबार इनकी प्राप्ति या संयोग में कुछ सुख सा दिखायी देता है परंतु परिणाम में भयानक दु:ख और अशान्ति की प्राप्ति अनिवार्य होती है। जब तक इनका स्वभाविक त्याग नहीं हो जाता, तब तक कभी शान्ति ही नहीं मिलती। परम शान्ति की प्राप्ति तो इनके सर्वतोभावेन त्याग से ही होती हैं।

त्याग कोई सहज बात नहीं है। त्याग अर्थ में यहाँ पर मन से आसक्ति-ममता एवं अहंकार का त्याग समझाया गया है, वाहरी वस्तु के त्याग नहीं। वस्त्र तथा मल-मूत्र का त्याग तो स्वाभाविक है, वैसे ही दिव्य साधन-भजन के वल पर श्रीभगवच्चरणों में समर्पित चित्त होकर जो स्वाभाविक रूप से मन से कामिनी-काञ्चन की आसक्ति का त्याग करता है वही संसार में वीर भक्त है।

नित्य-निरन्तर ईश्वर के नाम चिन्तन तथा अनुशीलन अनुध्यान करने पर श्रीभगवत्कृपा से जीव कृष्णमय जीवन व्यतीत करता हुआ सांसारिक आसक्ति, ममतादियों से सम्पूर्ण रूपेण मुक्त होकर ब्रह्म सायुज्य पद प्राप्त होता है। अत: विषयासक्ति त्याग ही इसमें परम निदान है। वस्तुतस्तु त्यागसाधन ही परम शान्ति की प्राप्ति का कारण है। गीता जी ने भी संकेत किया है कि— त्याग से ही शान्ति मिलती है—

''त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्'' ''तस्मादसक्त:सततं कार्यं कर्म समाचर''

श्री नरहरीदास शास्त्री
सम्पादक

◆ ॐ ◆

श्रीकाठियाबाबा चैरिटॅबॅल ट्रस्ट, श्रीधाम वृन्दावन, द्वारा परिचालित सेवायें

- **कुंभ मेला** – प्रत्येक कुंभ के मेले (हरिद्वार-प्रयाग-नासिक-उज्जैन) में ट्रस्ट के द्वारा लाखों साधुओं एवं तीर्थयात्रीयों की स्वास्थ सेवा, कैम्प में रहने की व्यवस्था एवं प्रसाद की व्यवस्था की जाती है। ''चार सम्प्रदाय खालसा'' कैम्प में ट्रस्ट के सहयोग से यह व्यवस्था की जाती है।
- **नरनारायण सेवा** – भारतवर्ष के विभिन्न आश्रमों में साधु-संतो एवं भक्तजनों के रहने एवं प्रसाद की व्यवस्था है। इसके अलावा झाड़ा भण्डारें के माध्यम से लाखों साधुओं को प्रत्येक वर्ष वस्त्र, कम्बल, प्रसाद एवं दक्षिणा प्रदान की जाती है।
- **गो सेवा** – श्रीधाम वृन्दावन आश्रम में अत्याधुनिक रहने की व्यवस्था एवं सुविशाल गौशाला में प्राय: सैकड़ो गौमाताओं की गौ-ग्रास दिया जाता है।
- **शिक्षा सेवा** – प्रत्येक आश्रम में विद्यार्थियों के रहने की, प्रसाद और शिक्षा की व्यवस्था नि:शुल्क की जाती है। जरुरतमंद एवं मेधावी छात्रों को शिक्षण हेतु मासिक शिक्षण शुल्क प्रदान किया जाता है। एवं प्रत्येक महिने ५० छात्रों को श्री धनंजयदास काठियाबाबा स्कोलरशिप प्रदान की जाती है। विभिन्न प्राचीन ग्रन्थों के पुन: प्रकाशन एवं अल्पमूल्य में पुस्तक प्रदान करने की व्यवस्था की जाती है। श्रीधाम वृन्दावन में वेद विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था है। कलकत्ता आश्रम में विद्यालय स्थापना की चेष्टा की जा रही है।
- **वैदिक भागवत प्रचार** – श्रीधाम वृन्दावन और हरिद्वार आश्रम में नियमित रूप से वेद, गीता श्रीमद्‌भागवत एवं अन्य शास्त्रों व धर्मग्रन्थों के अध्ययन की व्यवस्था है।
- **पाठागार** – श्री रामदास काठियाबाबा ग्रंथागार के माध्यम से नि:शुल्क पुस्तकों के पढ़ने की व्यवस्था है।
- **वस्त्रदान** – प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट के द्वारा श्रीधाम वृन्दावन में विधवा, साधु एवं अन्य दरिद्र जन-साधारण को वस्त्र प्रदान करने की व्यवस्था है।
- **आश्रम निर्माण** – सनातन वैदिक धर्म के प्रचार के उद्देश्य से विभिन्न तीर्थो में आश्रम निर्माण का कार्य परिचालित है। इन आश्रमों में साधु सेवा, नर-नारायण सेवा, तीर्थयात्रियों के रहने एवं खाने की व्यवस्था की जाती है।
- **वृद्ध आश्रम निर्माण** – भगवदनुरागी वरिष्ठ एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए भजन करने रहने के लिए चिकित्सा सुविधा एवं अन्य सुविधायों के साथ वृद्ध आश्रम निर्माण कार्य चल रही है।
- **जल सेवा** – श्रीधाम वृन्दावन और हरिद्वार आश्रम में शुद्ध पेय जल सेवा हेतु ''प्याऊ'' की व्यवस्था है।
- **रोगी नारायण सेवा** – विभिन्न अस्पतालों में प्रति वर्ष नि:शुल्क औषधि फल, कम्बल इत्यादि प्रदान किए जाते है।
- **अन्य सेवा** – ब्रज मण्डल के विभिन्न स्थान में नि:शुल्क भोजन व्यवस्था, नेत्र परीक्षा एवं चशमा प्रदान सेवा, रक्तदान एवं स्वास्थ चिकित्सालय, पंगु, विकलांग अक्षम विभिन्न लोगों की सहायता, वृक्षरोपण एवं वृक्षपरिचर्या, प्राकृतिक आपदा या युद्धपीड़ित क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में दान, मेडिकल बैंक के माध्यम से विभिन्न अस्पतालो में औषध प्रदान की व्यवस्था है।
- **भविष्य की योजनायें** – ऐम्ब्युलॅन्स् सेवा, डायगनोस्टिक सेंटर निर्माण, भ्राम्यमाण मेडिकल युनिट, भ्राम्यमान पुस्तकालय के माध्यम से सनातन वैदिक धर्म का प्रचार इत्यादि सेवायें प्रस्तुत करवानें की योजनाए है।

निवेदन

सभी सहृदय भक्तों से विनम्र निवेदन है कि आपलोगों की सहायता ही हमारी मूल पाथेय है। आपकी निष्ठा और योगदान से ही यह सेवामूलक कार्यसमूह सफल हो सकता है।

विवेकयुक्त जीवन ही मानव-जीवन है

श्रीमगनलालजी चाण्डक

'विवेकयुक्त जीवन ही मानव-जीवन है'— इस एक ही पंक्तिमें सारे जीवनकी पूरी महिमा अन्तर्हित है। यह विवेक किसी कर्मका फल नहीं है, यह आलोकित विवेकका प्रकाश मानवमात्रको परमपिता परमात्माकी अहैतुकी कृपासे मिला है। हमलोग प्राय: आकृति-विशेषको ही मानव समझते हैं, परंतु मानवकी आकृति होनेपर भी यदि वह अपनी ज्ञानशक्ति, भावशक्ति एवं क्रियाशक्तिका यथास्थान अपने विवेकके प्रकाशमें सदुपयोग नहीं करता है तो उस व्यक्तिका जीवन मानव-जैसा नहीं है। इस कारण मानव-जीवनकी महत्ता यही है कि वह अपनी प्रत्येक प्रवृत्ति या निवृत्ति विवेकके प्रकाशमें ही करे,इसीसे अपना कल्याण और सुन्दर समाजका निर्माण भी होगा।

भगवान्ने मनुष्यको अपने जीवनको सम्यक् प्रकारसे चलानेके लिये और अपने लक्ष्यको प्राप्त करने के लिये ज्ञानशक्ति, भावशक्ति और क्रियाशक्ति दी है तथा विवेकका प्रकाश भी दिया है। यदि अपने विवेकके प्रकाशमें इन तीनों शक्तियोंका सदुपयोग करें तो मानवमात्रको भी वह जीवन मिल सकता है जो किसी महामानवको मिला हो। इसके लिये हमें अपने सम्बन्धमें गम्भीरतासे विचार करना होगा। दूसरी बात यह है कि अपने वर्णाश्रम-धर्मके अनुसार अपनी वर्तमान परिस्थितिका भी अध्ययन करना होगा। अपनी वास्तविक आवश्यकताकी खोज करनी होगी और शरीर-धर्म तथा स्वधर्मको भी समझना होगा।

इन सभी विषयोंपर अपने जीवनको केन्द्रमें रखकर विवेकके प्रकाशमें गम्भीरतापूर्वक विचार करना होगा तथा अपने श्रद्धेयसे भी विचार-विमर्श किया जा सकता है।

१-ज्ञानशक्तिका विवेकके प्रकाशमें सदुपयोग

ज्ञानशक्ति और विवेकके प्रकाशका आपसमें गहरा सम्बन्ध है। यदि जीवनमें विवेकके प्रकाशमें ज्ञानशक्तिका आदर होने लगे तो जीवनमें असफलताका दर्शन नहीं होगा और सिद्धि शीघ्र ही प्राप्त हो सकती है। ज्ञान-शक्ति मनुष्यको अपना जीवन अपने लिये उपयोगी बनानेके लिये मिली है। यह मानवमात्रके लिये साधनकी सबसे पहली बात है।

हमें इन्द्रियोंसे जैसे ज्ञान होता है, उसी प्रकार हमें बुद्धिसे भी ज्ञान होता है। इस दृष्टिसे बुद्धि भी यन्त्र ही है। इन्द्रियोंकी जो विषयोंके प्रति स्वाभाविक रूचि—प्रवृत्ति रहती है, उसको नियन्त्रित करनेके लिये हमें बुद्धिरूपी यन्त्र मिला है। बुद्धिके ऊपर स्वयंका शासन विवेकके प्रकाशमें होना ही विवेकयुक्त मानव-जीवन है।

आजकल एक रिवाज चल पड़ा है कि 'क्या करें संस्कार ही ऐसा है, स्वभाव खराब है, परिस्थिति ऐसी है, वातावरण बहुत ही प्रतिकूल है।'—ये सभी बातें केवल अपने बचावकी दृष्टिसे ही कही जाती हैं। दोष है स्वयंमें और मढ़ा जाता है इन्द्रियों एवं बुद्धिपर, मन और बाहरके सभी कारणोंपर।

इस बुराईका आरम्भ होता है विवेक-विरोधी सम्बन्धके स्वीकार करनेके कारण, इसीको अपने ज्ञानका अनादर भी कह सकते हैं। जिस शरीरपर अपना कोई अधिकार नहीं है, उसीको अपना मानना ही सर्वप्रथम विवेक-विरोधी सम्बन्ध है। जब साधक शरीरको अपना मानता है या अपने लिये मानता है तो साधक-जीवनसे उसका सम्बन्ध नहीं रहता। उसमें कर्तव्यके विपरीत अकर्तव्यकी प्रधानता हो जाती है। जीवन सुखके प्रलोभन और दु:खके भयसे घिर जाता है। दीनता और अभिमानसे ओतप्रोत जीवन इधर-उधर भटकता है। परंतु विवेक-विरोधी सम्बन्धका त्याग नहीं करता है, न ही अपने जीवनको सामने रखकर अपनी समस्याओंका समाधान अपनी योग्यता, सामर्थ्य, रूचि और परिस्थितिके अनुसार ढुँढ़ता है। इस प्रकार साधक पराश्रय और परिश्रमके द्वारा भक्ति एवं मुक्ति प्राप्त करना चाहता है।

साधकको सोचना चाहिये कि 'जीवन और साधनमें कभी विभाजन सम्भव है क्या? क्या वह भी साध्य है जिससे देश-कालकी दूरी हो? क्या वह भी कोई सिद्धि है जो वर्तमानमें न मिल सके? क्या वह भी प्रियतम है जिसकी हमें स्मृति स्वाभाविक न हो?'—इन सभी प्रश्नों पर साधकको अपने विवेकके प्रकाशमें एकान्तमें बैठ करके शान्तिपूर्वक विचार करना है, अपने जीवनको अपने ज्ञानके अनुसार बनाना

है। बिना विवेक-विरोधी सम्बन्धका त्याग किये कदाचित् कोई साधनरूप पुण्यकर्म हो भी जाय, तो भी अपने ज्ञानसे होनेवाली मुक्ति तथा अपने विश्वासके अनुसार प्राप्त होनेवाली भक्ति वर्तमानमें ही सिद्धि प्रदान करने के हेतु कदापि नहीं हो सकती है।

विवेक-विरोधी सम्बन्धका त्याग होनेपर जीवनसे विवेक विरोधी विश्वास और विवेक-विरोधी कर्मका त्याग हो जायगा। इनका त्याग ही सत्यंग है। इसको सत्संग इसलिये कहा गया है कि शरीर आदि किसी भी वस्तुको अपना मानना या उनपर अपना अधिकार समझना ही असत्का संग है। जब साधक अपने विवेकके प्रकाशसे यह अनुभव करता है कि प्रकृतिसे निर्मित यह शरीर, योग्यता, सामर्थ्य और वस्तु आदि कुछ भी मेरा नहीं है और मुझे कुछ भी चाहिये नहीं तभी उसको स्वाधीनताकी प्राप्ति होती है। स्वाधीन व्यक्ति ही अपने लिये उपयोगी होता है, स्वाधीन व्यक्ति ही उदार होता है और तभी वह संसारके लिये उपयोगी सिद्ध होता है। जब साधकके जीवनमें स्वाधीनता और उदारता आ जाती है, उसमें प्रभुको अपना माननेका सामर्थ्य या पात्रता आती है, तभी उसमें प्रभु-प्रेम एवं स्मृतिकी जागृति होती है। प्रभु-प्रेम या स्मृति किसी क्रिया-विशेषका फल नहीं है जो साधक संसारको पसंद करते हुए या उसकी आवश्यकताका अनुभव करते हुए साधन करते हैं वह साधन एक प्रकारसे असाधनके साथ किया गया साधन है।

उपर्युक्त संक्षिप्त वर्णनसे यह स्पष्ट होता है कि किसी क्रिया-विशेष या साधना-विशेषका नाम साधन नहीं है, बल्कि अपने जाने हुए असाधनके संगका त्याग ही साधकका साधन है और साधकका पुरुषार्थ है।

जब हमारे जीवनमें अपनी जानी हुई बुराई और की हुई भूलके लिये कोई स्थान नहीं रहता है तभी हमारी क्रियाशक्ति समाजके लिये उपयोगी होती है और हमारी भावशक्तिद्वारा विचारका उदय होनेसे हमारी भावशक्ति प्रभु-विश्वास तथा प्रभु-प्रेमसे भर जाती है। उसका प्रभाव सारे जीवनपर पड़नेसे पूरा-का-पूरा जीवन साधनमय हो जाता है। फिर जीवन और साधनमें कहीं भी देश-कालकी दूरी नहीं रहती है। हमें शान्तिकी खोजमें कहीं बाहरका आश्रय खोजना नहीं पड़ता है। वास्तवमें साधनमें किसी बाह्य साधन या सामग्रीकी आवश्यकता नहीं है। मानव जन्मजात साधक है और विवेकयुक्त जीवन ही मानव-जीवन है। आज मानवने अपने ही जीवनका मूल्याङ्कन संसारके आधारपर करनेके कारण अपना मूल्य घटा दिया है। यही कारण है कि साधक भ्रमित होकर भटक रहा है। अपने जीवनके सत्यको विवेकके प्रकाशमें आदर करना ही अपना विकास है।

◆ ॐ ◆

दिव्यवाणी

- एक 'करना' होता है और एक 'होना' होता है, दोनोंका विभाग अलग-अलग है। 'करना' पुरुषार्थके अधीन है और 'होना' प्रारब्धके अधीन है। इसलिये मनुष्य करने (कर्तव्य) -में स्वाधीन है और होने (फलप्राप्ति)-में पराधीन है।
- एक भगवान्के सिवाय ऐसी कोई चीज है ही नहीं, जो सदा हमारे साथ रहे और हम सदा उसके साथ रहें।

—*श्रीश्री स्वामी* **रामसुखदासजी**

- श्रीगुरुजी जो कुछ दें या उपदेश करें, वह अनुकूल हो अथवा प्रतिकूल, उसे अवश्य ग्रहण करना चाहिये।

—*श्रीश्री १०८ स्वामी धनंजय दास काठियाबाबाजी महाराज*

मैं कौन हूँ?

(यथागत/तथागत)

श्रीवालकृष्णजी गर्ग

'मैं कौन हूँ? क्या हूँ? क्यों हूँ? कैसे हूँ?' यथागतने बार-बार पूछा। उसके चेहरेसे व्याकुलता झलक रही थी।

'तुम्हारा प्रश्न है आत्म-विज्ञानके लिये। मैं एक साधारण व्यक्ति तुम्हें कैसे समझाऊँ भला?'— तथागतने टालना चाहा।

'आप सामर्थ्यवान् हैं!'—यथागतने पैर पकड़ लिया—'यदि मेरे मनको शान्ति न मिली तो यहीं प्राण त्याग दूँगा।'

तथागत विचारमग्न हो गये। आत्मज्ञान, मन-वाणीसे परे—अनुभूतिका विषय। मात्र शब्दोंद्वारा किसी प्रकार समझाया नहीं जा सकता। किंतु जिज्ञासु तो है सच्चा, पूर्ण अधिकारी। कुछ करना ही होगा।

'ठीक है, कुछ दिन यहीं रहो और जो मैं कहूँ, करो!'—तथागत बोले।

'आप जैसा कहेंगे, वैसा ही करूँगा। आदेश करें भगवन्!'—यथागतका चेहरा अब आशासे चमक रहा था। 'अभी तो इतना ही करो! रोज सुबह नगरमें जाया करो और रातको लौटकर वहाँके सभी समाचार मुझे सुनाया करो।'

'जैसी आज्ञा भगवन्!'—यथागतने सिर झुकाया।

यथागत नियमित रूपसे नगर जाता और लौटकर सारी घटनाएँ तथागत को ज्यों-की-त्यों सुना देता। महीनों यह क्रम चलता रहा। अचानक एक दिन तथागतने पानीसे भरी हुई एक थाली उसे दी और कहा—'आज यह थाली लेकर नगरमें जाना होगा। लेकिन सावधान रहना! पानीकी एक भी बूँद थालीसे नीचे न गिरने पाये। लौटकर रोजकी तरह नगरका पूरा हाल मुझे सुनाना!'

इसके बाद एक अनुगतको बुलाकर तथागतने आज्ञा दी—'तुम एक तलवार लेकर यथागतके पीछे-पीछे जाओ। थालीसे एक भी बूँद पानी कहीं गिरे तो तुरंत वहीं इसके दोनों हाथ काट देना! मेरे पास पूछनेके लिये भी आनेकी जरूरत नहीं!'

'जो आज्ञा प्रभु!' अनुगतने कहा और तलवार लेकर यथागतके पीछे-पीछे जानेको तैयार हो गया।

नित्य नगर जाकर समाचार लानेकी एक ही दिनचर्यासे यथागत ऊब-सा गया था। आज कार्य-परिवर्तन तो हुआ, लेकिन बड़ा ही रोमाञ्चक एवं अत्यन्त दुःसाध्य। वह बेहद डर गया! उसने सपनेमें भी नहीं सोचा था कि तथागत ऐसा अद्भुत-अनोखा और साथ ही इतना भयानक आदेश भी देंगे। खैर! बड़ी सावधानीसे पानीसे भरी थाली लिये यथागतने नगरकी ओर प्रस्थान किया। नंगी तलवार लिये दूसरा शिष्य उसकी थालीपर कड़ी नजर रखते हुए उसके पीछे-पीछे चल पड़ा।

रास्तेमें लोग कौतूहल और विस्मयसे इस दृश्यको देखते और परस्पर अनुमानादि तर्कोंसे इस विस्मापक मूक प्रश्नका समाधान ढूँढ़ते। पर यथागतका ध्यान थाली और उसके पानीको छोड़ अन्य किसी ओर जरा भी नहीं था। जब कोई कुछ पूछता, तब भी वह उत्तर न दे पाता—फिर विगत दिनचर्याके क्रममें समाचार-संग्रहकी सुधि ही कहाँ? जैसे-तैसे शनैः-शनैः पूरे नगरका परिभ्रमण पूरा हुआ। रातको दोनों लौटकर तथागतके पास पहुँचे। कहना न होगा थालीसे एक भी बूँद पानी नीचे नहीं गिरा था।

'नगरके सभी समाचार सुनाओ!'—तथागतने आदेश दिया।

'नगर तो आज मैं जरा भी नहीं देख पाया। फिर वहाँके समाचार कैसे सुनाऊँ भगवन्!'—यथागतने नम्रतापूर्वक कहा।

'क्यों? नगरसे ही तो तुम आ रहे हो! क्या पूरे दिन नगरका चक्कर तुमने नहीं लगाया?'

'लगाया तो है भगवन्!'—यथागत बोला।

'फिर नगर नहीं देखा?', 'ऐसा क्यों कहते हो?'—पूछा तथागतने।

'आपने मेरे नगर-भ्रमणके साथ ही अपने अनुगतको यह आदेश भी तो दिया था न कि थालीसे एक भी बूँद पानी नीचे गिरे तो मेरे दोनों हाथ वह उसी समय तलवारसे काट दे। बस, इसीसे भयाक्रान्त हो मैं एक पलको भी अपना ध्यान थालीसे नहीं हटा सका! फिर नगर, भला कैसे देखता!'—यथागतने उत्तर दिया।

'बस वत्स, बस, यही है आत्मज्ञानकी कला—आत्म-विद्या-प्राप्तिका उपाय। जिस प्रकार थालीसे पानी गिरनेके डरसे तुम पूरे नगरमें घूमते हुए भी, कुछ भी देख-सुन न सके-तुम्हारे मनकी वृत्तियाँ जरा भी इधर-उधर नहीं गयीं—यद्यपि नगरकी सजावट, चहल-पहल, राग-रंग एवं घटनाक्रम, सभी कुछ तो पूर्ववत् ही था, तथापि तुम्हारा ध्यान वह अपनी ओर न खींच सका, उसी प्रकार संसारकी सारी मोह-ममताको छोड़कर, सभी वस्तुओंसे ध्यान हटाकर, दियेकी लौके सदृश, सच्चे एकाग्रमनसे एक परमात्मामें ही ध्यान लगा दो तो धीरे-धीरे तुम्हारा स्वरूप तुम्हारे सामने स्पष्ट होगा—और होगा तुम्हारी सारी शंकाओंका समाधान, उपलब्ध होगा तुम्हें अपने सभी प्रश्नोंका उत्तर और मिलेगी मनको आध्यात्मिक शान्ति। यही है आत्मविज्ञान, यही है मोक्षका मार्ग और यही है तुम्हारा जीवन-लक्ष्य!—इतना कहकर तथागत समाधिस्थ हो गये।

मातृदेवो भव!

संत श्रीविनोबा भावे

उपाध्यायान् दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता।
सहस्त्रं तु पितॄन् माता गौरवेणातिरिच्यते।।

(मनुस्मृति २।१४५)

शास्त्रोंमें आया है—'दस उपाध्यायोंकी अपेक्षा एक आचार्य— शिक्षक, सौ आचार्यों—शिक्षकोंकी अपेक्षा पिता और पितासे हजार गुना बढ़कर एक माता है।' माताओंको ऐसा गौरव प्रदान किया गया है।

माता अपने बच्चेकी सेवा रात-दिन करती है। अगर उसके पास कोई सेवाकी 'रिपोर्ट' माँगने जाय तो वह क्या 'रिपोर्ट' देगी? माता इतनी सेवा करती है कि वह 'रिपोर्ट' इस वाक्यमें दे देगी—'मैंने तो बच्चेकी कुछ सेवा नहीं की। 'भला, माताकी 'रिपोर्ट' इतनी छोटी क्यों? इसका कारण है, माताके हृदयमें बच्चेके प्रति जो प्रेम है, उसके मुकाबलेमें उसके द्वारा बच्चेकी कुछ भी सेवा नहीं हुई है, ऐसा उसे लगता है। सेवा करनेमें उसे कष्ट कुछ कम नहीं सहने पड़े हैं, लेकिन वे कष्ट उसे कष्ट मालूम ही नहीं हुए।

मान लीजिये, माँके पास एक कटोरा पानी है। माँ यही कहती है कि जबतक मेरे सब बच्चोंको पानी नहीं मिल जाता, तबतक मुझे पानी नहीं चाहिये। वह तबतक अपनी प्यास नहीं बुझायेगी, जबतक सारे बच्चोंकी प्यास नहीं बुझ जाती। अगर अपने लिये पानी शेष नहीं बचता है तो भी वह आन्तरिक सुखका ही अनुभव करेगी। यही माताका मातृत्व है।

शास्त्रमें पहले कहा है—'**मातृदेवो भव!**' उसके बाद ही '**पितृदेवो भव!**' कहा गया है, अर्थात् माताका स्थान पहला माना गया है।

ज्ञान देनेका पहला गुरुत्वपूर्ण दायित्व माताको सौंपा गया है। ज्ञानदेवका अभंग प्रसिद्ध ही है। शिशुको पलनेमें सुलाकर पलना हिलाते-हिलाते उसे माताने वेदान्त सिखलाया। मातामें इतनी शक्ति भरी है। ऐसी माताओंको आगे आना चाहिये। घरमें उनका राजकाज चलता है, यह ठीक ही है, लेकिन बाहर भी उनका अङ्कुश होना चाहिये। जिन व्यक्तियोंके जीवनमें माताका ऐसा अङ्कुश रहा, उनके जीवनमें एक अजीब ही चमक दीख पड़ती है। शिवाजी और साने गुरुजीको बचपनमें मातासे ही बोध मिला और उसी समय वह उनके हृदयमें घर कर गया। श्रुतिको शंकराचार्यने 'माता' कहा है। हमलोग श्रीज्ञानेश्वरको 'ज्ञानोबा माउली' (ज्ञानदेव मैया) कहते ही हैं। गुरुको भी मराठीमें 'माउली' (मैया) कहा जाता है। ज्ञानदेव तो इससे भी आगे बढ़ जाते हैं।

'जेथ प्रियाची परिसीमा। तेथ भेटे माउली आत्मा।।'

'वहीं आत्मा मैयाकी भेंट होगी, जहाँ प्रेमकी परिसीमा हो जाती है।'

स्त्री-पुरुष—दोनोंके साथ-साथ चलनेसे समाजकी गाड़ी चलती है। दोनोंको मोक्ष-प्राप्तिका समान अधिकार है। स्त्रियोंको मोक्ष, विज्ञान, ज्ञानका— और वे चाहें तो धनका भी अधिकार होना चाहिये। स्त्री-पुरुष—दोनोंका समान अधिकार होना चाहिये। माताओंको अगर ठिक ढंगसे ज्ञान मिलेगा तो सारे समाजकी परिपूर्ण रक्षा होगी।

मुझे आजका शिक्षण यान्त्रिक ढाँचेमें ढला दीखता है। लगता है—उससे अशिक्षण ही बेहतर है। आज जो शिक्षण चल रहा है, वह अगर बंद हो जाता तो क्या बाप बच्चेको इंसानियतकी तालीम न देता, खेती-बारीका ज्ञान, सदाचार और व्यवहारका ज्ञान न देता? बच्चेको सबसे पहले माता-पिता तालीम देते हैं, उससे थोड़ी अधिक तालीम गुरु देते हैं। इसलिये गुरुओंको यह अहंकार नहीं रखना चाहिये कि हम तालीम देते हैं। माताएँ जो तालीम देती हैं, वह नंबर एककी तालीम होती है, पिता जो तालीम देता है, वह नंबर दोकी होती है और गुरु जो तालीम देता है, वह नंबर तीनकी होती है। लेकिन सरकारी महकमेसे जो तालीम मिलती है, उसका तो कोई नंबर ही नहीं हो सकता, क्योंकि वह तो 'ढाँचा' है।

जबतक माँ-बाप मौजूद हैं—बिना माता-पिताके बच्चे पैदा नहीं होते—परमेश्वरकी योजना ही ऐसी है कि जहाँ उसने बच्चेको भूख दी, वहाँ माँ के स्तनमें दूध भी पैदा किया। बच्चेको भूखके साथ माँको पिलानेकी प्रेरणा दी। इस तरह बचपनसे ही माँके जरिये प्रेमकी तालीम दी जाती है। बच्चोंको मातृभाषा सिखानेके लिये सरकार कितने करोड़ रुपये खर्च करती है। लेकिन माँ तो दुध पिलाते-पिलाते बच्चोंको मातृभाषा सिखाती है। दुनियाभरके बच्चे माँसे

भाषा सीखते हैं। माँ बच्चेसे कहती है—'यह देखो चाँद'। बच्चा सुनता है। माँ फिर उससे पुछती है—'चाँद किधर है, बताओ', वह परीक्षा लेती है। बच्चा अँगुलीसे बताता है कि चाँद कहाँ है। बादमें वह बोलने लगता है—'च, च, न, न, द' और फिर 'चाँद-चाँद' कहता है। मतलब यह कि पहले वस्तु ग्रहण करता है, फिर बोलता है। यह जो सारा ज्ञान है, भाषा सीखने का ज्ञान है, क्या वह विद्यालयोंकी शिक्षासे कम है? दो-ढाई सालमें शून्यमेंसे ज्ञान पैदा किया जाता है और माताएँ ही यह सब करती हैं। शिक्षणशास्त्री अनुभव और निरीक्षणसे कहते हैं कि 'बच्चेको शुरूके साल-दो-सालमें जितना ज्ञान मिलता है, उतना ज्ञान आगेकी सारी जिंदगीमें नहीं मिलता।' इसलिये दुनियाभरके लोगोंने माना है कि अगर माताएँ संस्कारवान् बनीं तो दुनिया बचेगी अन्यथा नहीं। इसलिये व्यक्तिका सबसे प्रथम और सबसे श्रेष्ठतम गुरु तो माता है।

भगवान् श्रीकृष्ण जब गुरुके घर गये, तब गुरुको आश्चर्य हुआ कि सारे विश्वका उद्धार करनेवालेको मैं क्या पढ़ाऊँ? फिर छः महीने पढ़ाईका नाटक चला। ऐसी कथा प्रचलित है कि उतना सीखनेपर बिदाईके समय श्रीकृष्णने गुरुकी सेवा की। तब गुरुने कहा कि 'तू वरदान माँग।' श्रीकृष्णने यह वरदान माँगा—'**मातृहस्तेन भोजनम्**'— मुझे माताके हाथसे भोजन मिले।

माताके द्वारा अपने हाथसे रसोई बनाकर लड़केको खिलानेसे बढ़कर 'वशीकरण' की शक्ति क्या हो सकती है? गाँधीजीने भी आश्रममें हमलोगोंको रसोई परोसी है। इससे ज्यादा सेवा दूसरी कोई हो नहीं सकती। मातृ-वात्सल्यकी बड़ी कीमत है। इसलिये मैं तो रसोईकी बड़ी कीमत करता हूँ और उसे 'फाइन आर्ट' कहता हूँ। संगीत, चित्रकला एवं नृत्य जैसे ललित-कलाएँ हैं, वैसे ही रसोई भी ललित-कला है। यह कला भी माताकी बहुत बड़ी शक्ति हो सकती है। पर आज तो होटल खुल रहे हैं और धीरे-धीरे यह कला भी स्त्रियोंके हाथोंसे जा रही है। स्त्रियोंको टप्-टप् टाइपिस्टका काम अथवा यान्त्रिक काम देते हैं। कहते हैं कि स्त्रियोंकी अँगुलियाँ जल्दी चलती हैं, इसलिये उन्हें आफिसमें बैठाते हैं। यह काम स्त्रियोंको नहीं करना चाहिये— यह मैं नहीं कहता। मेरा कहना तो यही है कि उन्हें ऐसे काम करने चाहिये, जिनमें स्त्री-शक्तिका विकास हो और शान्तिकी रक्षा हो। जिस धंधेमें पावित्र्य हो, शान्ति हो, ऐसा काम करनेका आग्रह स्त्रियोंको रखना चाहिये। लड़के-लड़कियोंका सह-शिक्षण माताओंके हाथमें होना चाहिये। बुनियादी शिक्षण स्त्रियोंके हाथमें रहेगा तो बचपनसे लड़कोंपर अच्छा संस्कार पड़ेगा और समाजका उद्धार होगा।

कितनी ही स्त्रियाँ दुःखी, बीमार, बेरोजगार होती हैं। उन सबके पास पहुँचना है, उनकी सेवा करनी है। मुझे स्मरण है कि जब किसीके यहाँ रसोईकी अड़चन पड़ती, मेरी माँ स्वयं वहाँ पहुँच जाती और रसोई कर आती। अपने घरकी रसोई शुरुमें ही वह बनाकर रख देती थी। मैंने पूछा—'यह स्वार्थ क्यों? पहले हमारे लिये रसोई बनाती हो, फिर उनके लिये।' माँने कहा— 'यह स्वार्थ नहीं, परमार्थ ही है। अगर पहले उनकी रसोई कर आऊँगी और बादमें तुम्हारी करूँगी तो तुम्हे खानेके समय गरम रसोई मिलेगी, लेकिन उनके खानेके समयतक वह सबेरे की रसोई ठंडी हो जायगी।'

माताका असली मातृत्व रसोईमें ही है। अच्छी-से-अच्छी रसोई बनाना, बच्चोंको प्रेमसे खिलाना, इसमें कितना ज्ञान और प्रेम-भावना भरी है। रसोईका काम यदि माताओंके हाथोंसे ले लिया जाय तो उनका प्रेम-साधन ही चला जायगा। प्रेमभाव प्रकट करनेका मौका छोड़नेके लिये कोई माता तैयार न होगी। उसीके सहारे तो वह जिंदा रहती है।

हिंदुस्तानमें स्त्रियोंने धर्मकी रक्षा अधिक की है। पुरुषोंमें जितने व्यक्ति व्यसनी मिलते हैं, उनकी तुलनामें स्त्रियाँ बहुत कम व्यसनी मिलेंगी। स्त्रियोंने दुनियामें सदाचार जिंदा रखा है, इसलिये उनपर बालकोंकी जिम्मेवारी होती है। बच्चोंमें अच्छी आदतें डालना और उनको साफ-सुथरा रखना स्त्रियोंके हाथमें है। स्त्रियाँ अपने बच्चोंको सच्चरित्र बनायेंगी तो देशको अच्छे नागरिक मिलेंगे। बच्चे देशकी सबसे बड़ी सम्पत्ति हैं, इनसे बढ़कर कौन-सा धन है? कौसल्याकी कोखसे भगवान् श्रीरामचन्द्रजी प्रकट हुए और देवकीकी कोखसे भगवान् श्रीकृष्ण। जितने भी सत्पुरुष हुए हैं, उनकी माताएँ धर्मपरायणा थीं। जिस घरकी स्त्रियाँ भगवान्‌का स्मरण करती हैं, सत्यका पालन करती हैं, प्रेमभावसे रहती हैं, उस घरमें अच्छे पुरुष पैदा होते हैं, यह बात दुनियाभरमें प्रसिद्ध है। अतएव—

'मातृदेवो भव! मातृदेवो भव! मातृदेवो भव!'

◆ ॐ ◆

'करने' में सावधान और 'होने' में प्रसन्न

[स्वस्थ एवं शान्त रहनेका महामन्त्र]

डॉ० श्रीभीकमचन्दजी प्रजापति

दो विभाग— दो विभाग एकदम अलग-अलग हैं— पहला है— 'करना' और दूसरा है—'होना'। आपका विभाग है—'करना'। प्रभुने आपको करनेकी शक्ति, सामग्री और आंशिक स्वाधीनता दी है। शरीर, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, विवेक, वस्तुएँ आदि 'करने' की सामग्री हैं। करनेकी शक्ति प्रतिदिन प्रात:काल मिलती है, जो विभिन्न कार्य 'करने'-से घटती है, समाप्त हो जाती है और दूसरे दिन पुन: मिल जाती है। यह क्रम निरन्तर चलता रहता है। आपको 'करने'-की पूर्ण स्वाधीनता नहीं मिली है, केवल आंशिक स्वाधीनता मिली है। आप जैसा चाहें वैसा नहीं कर सकतें। आप अपने शरीरको जबतक चाहें तबतक और जैसा चाहें वैसा रखनेमें स्वाधीन नही हैं। परंतु आप वाणीसे सत्य अथवा असत्य, मधुर अथवा कटु बोलने, कानोंसे प्रशंसा अथवा निन्दा सुनने, आँखोंसे गंदे एवं अच्छे दृश्य देखने, मनमें सद्भाव अथवा बुरा भाव रखने, दूसरोंका हित अथवा अहित सोचने, प्राप्त विवेकका आदर अथवा अनादर करने, प्राप्त परिस्थितिका सदुपयोग अथवा दुरुपयोग करनेमें स्वाधीन हैं। 'करने' की शक्ति और सामग्रीके द्वारा आप विभिन्न प्रकारके कार्य करते हैं।

सावधानी रखें— जब आप अपने विभिन्न कार्य करें तो कुछ सावधानी रखें। यदि आप 'करने' में सावधानी रखेंगे तो आपको 'करने' में बड़ा आनन्द आयेगा, 'करने'-में आपका उत्साह बना रहेगा, आपके कार्यकी किस्म एवं गुणवत्ता उच्च स्तरकी होगी, आपका 'करना', आपकी सजीव-साधना बन जायगी, 'करने' से आपको परम शान्ति, जीवन्मुक्ति और भगवद्भक्ति मिल जायगी, आपका मानव-जीवन सफल हो जायगा।

क्या-क्या करते हैं—'करने' की शक्ति और सामग्रीके द्वारा आप प्रतिदिन अनेक कार्य करते हैं, साथ ही आप अपने मनमें सोचनेका कार्य भी पल-पलपर करते रहते हैं।

किस कार्यको 'करने' में क्या सावधानी रखें— जब आप कार्योंको करें, तब प्रत्येक कार्यको करते समय उससे सम्बन्धित विशेष सावधानी रखें। किस कार्यको 'करने' में क्या सावधानी रखनी है, उसका विवेचन इस प्रकार है—

(१) **प्रभुके कार्य**— इस जगत्के मालिक परमात्मा हैं। परमात्मा ही जगत्को बनाने तथा चलानेवाले हैं। इसलिये आप जितने भी कार्य करते हैं, वे सब आपके प्रभुके कार्य हैं। आप अपने शरीर, परिवार, व्यापार, नौकरी आदिके समस्त कार्योंको अपने प्रभुके ही कार्य मानकर करें। कार्य करते समय आपको यह बात याद रहे और इस सत्यका स्पष्ट अनुभव हो कि मैं अपने प्यारे प्रभुका कार्य कर रहा हूँ। प्रभुका कार्य मान लेनेपर उसमें आपका उत्साह बना रहेगा, कार्य करनेसे प्रसन्नता होगी, कार्यकी किस्म तथा गुणवत्ता भी उच्चतम होगी। यदि आपको यह बात याद न रहे कि मैं अपने प्रभुका कार्य कर रहा हूँ तो आप अपनी वाणीसे बार-बार यह वाक्य बोलते-सुनते रहें—'हे प्रभो! मैं आपका कार्य कर रहा हूँ।' जिस कार्यको आप प्रभुका कार्य मान लेंगे, उसमें आपको आशातीत सफलता मिलेगी।

(२) **प्रभुके मेहमानोंका कार्य**— इस वास्तविकताको सावधानीपूर्वक स्वीकार करें कि जगत्के मालिक परमात्मा हैं और शरीर, परिवारजन, सम्पर्कमें आने तथा रहनेवाले व्यक्ति आपके प्यारे प्रभुके प्यारे-प्यारे मेहमान हैं। प्रभुके मेहमानोंके समस्त कार्य प्रभुके कार्य ही हैं। अपने शरीर तथा परिवारजनोंके कार्य करते समय आपको यह अनुभव होता रहे कि मैं अपने प्रभुके मेहमानोंका कार्य कर रहा हूँ।

(३) **सम्पूर्ण शक्ति लगायें**—कार्योंको करनेमें अपनी पूरी शक्ति, बुद्धि, योग्यता, अनुभव तथा समय लगायें, लेशमात्र भी असावधानी न करें। प्रभुका कार्य मान लेनेपर उसमें स्वत: गम्भीरता आ जायगी।

(४) **हितकी भावना रखें**— समस्त कार्य हितकी भावनासे करें। शरीरके कार्य करते समय शरीरके हितको ध्यानमें रखें। अपने सुख-स्वादके लिये शरीरका अहित न करें। अपने सुखके लिये पान, सुपारी, गुटका, जर्दा, नशीली वस्तुओं, शराब, अंडा, मांस, बीड़ी, सिगरेट आदिका सेवन करना शरीरके लिये अहितकर है। शरीरके कार्य करते समय शरीरको

'मैं', 'मेरा' और 'मेरे लिये' मानना भी आपकी गम्भीर भूल है। माता-पिता, पति-पत्नी, संतान आदि परिवारजनोंके कार्य करते समय इन सबको अपने प्रभुका मेहमान मानें। इनके साथ ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे इन्हें दु:ख पहुँचे अथवा इनका अपमान हो। इनके कार्य करते समय इनके हितको ध्यानमें रखें और इन्हें यथाशक्ति सुख, सुविधा, सम्मान, प्रेम और प्रसन्नता दें।

(५) **अशुभ कार्य न करें—** जान-बूझकर किसी भी प्रकारकी बुराई या अशुभ कार्य न करें। जिस कार्यसे दूसरोंका अहित होता है, वही अशुभ कार्य है। दूसरोंके अहितमें अपना बहुत बड़ा अहित छिपा रहता है। जिनके साथ आप सदैव नहीं रह सकते और जो आपके साथ सदैव नहीं रह सकते, वे सब दूसरोंकी गिनतीमें आते हैं। इस दृष्टिसे आपका शरीर, परिवारजन, समाज, संसार तथा प्राणिमात्र दूसरे हैं।

(६) **शुभ कार्योंका कर्ता न मानें—** दूसरोंके हितकी भावनासे किये जानेवाले समस्त कार्य 'शुभ कार्य' कहलाते हैं। जब आप किसी भी प्रकारका शुभ कार्य करें तो अपनेको उसका 'कर्ता' न मानें अर्थात् ऐसा न सोचें कि यह शुभ कार्य मैंने किया है। वास्तविकता यह है कि सभी शुभ कार्य समष्टि (सांसारिक) शक्तियोंके सहयोगसे सम्पादित होते हैं, उन कार्योंमें विभिन्न शक्तियोंका योगदान रहता है, उन्हें आप अकेले नहीं करते हैं। इसलिये अपनेको उनका 'कर्ता' मानना भूल है।

(७) **फल न चाहें—** आप शुभ कार्यका फल न चाहें अर्थात् ऐसा न सोचें कि मुझे शुभ कार्य करनेका अमुक फल मिलना ही चाहिये। सोचिये, जब आपने शुभ कार्य किया ही नहीं तो आपको उसका फल चाहनेका क्या अधिकार है? आपने अशुभ कार्योंका त्याग कर दिया और शुभ कार्योंका फल छोड़ दिया तो आप 'कर्म-बन्धन' से मुक्त हो गये, जन्म-मरणके दु:खसे छूट गये।

(८) **फल सामने आनेपर दो बातोंका ध्यान रखें—** सांसारिक शक्तियोंकी सहायतासे आपने शुभ कार्य तो किया, परंतु अपनेको उसका 'कर्ता' नहीं माना और यह इच्छा भी नहीं रखी कि मुझे इस कार्यका अमुक फल मिलना ही चाहिये। फल न चाहनेपर भी उसका फल आपके सामने आयेगा। जब वह फल आपके सामने आये तो आप दो बातोंका ध्यान रखें—पहली बात—उस फलसे आपको कुछ नहीं मिला है। न आपका दु:ख मिटा, न चिन्ता, न भय, न तनाव, न मोह और न आपको शान्ति, मुक्ति, भक्ति या भगवान् ही मिले। उस फलसे आपको कोई नुकसान भी नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी आपके पास प्रभुप्रदत्त शान्ति, मुक्ति, भक्ति, भगवान्‌को पानेकी शक्ति ज्यों-की-त्यों है। आपको जो फल मिला है, उसका सम्बन्ध आपके शरीरसे है। उससे आपके 'शरीर' को कुछ सुख-सुविधाएँ मिलेंगी अथवा शरीर उससे वञ्चित रहेगा। मानव-जीवनमें शारीरिक सुख-सुविधाओंका कोई विशेष महत्त्व नहीं है, यह तो प्रारब्धका परिणाम है। दूसरी बात है— उस फलको आप अपने प्यारे प्रभुका 'पवित्र-प्रसाद' मानकर उसमें खूब प्रसन्न रहें, चाहे उसका बाह्य स्वरूप कैसा भी क्यों न हो, जैसे लाभ-हानि, यश-अपयश, सफलता-असफलता, अनुकूलता-प्रतिकूलता, जीवन-मृत्यु आदि। याद रखें, आपको जो फल मिला है, वह 'होने'-के विभागमें है।

'होना' आपका विभाग नहीं है—होना आपके हाथमें नहीं है। होनेपर आपका लेशमात्र भी नियन्त्रण नहीं है। होनेपर आपका कोई वश नहीं है। होनेको करनेवाले आप नहीं हैं। यदि होना आपके वशमें होता तो आप अपने शरीरमें असाध्य बीमारी, अपने तथा अपने परिवारजनोंके साथ होनेवाली भीषण दुर्घटना, अपनी तथा अपने परिवारके प्यारे सदस्योंकी मृत्यु, अपने व्यापारमें नुकसान, अपना अपमान एवं मानव-समाजके साथ होनेवाली प्राकृतिक दुर्घटनाओं—जैसे भूकम्प, बाढ़, सूखा, अकाल, महामारी, तूफान आदिको होने ही नहीं देते। यदि होनेपर आपका नियन्त्रण चलता तो आप अपने जीवनमें किसी भी प्रकारकी प्रतिकूल परिस्थितिका निर्माण होने ही नहीं देते, सदैव अनुकूलताके सागरमें स्नान करते, अपने शरीरको सुन्दर, सुडौल, नीरोग और शक्तिशाली बनाये रखते।

'होना' प्रभुका विभाग है— निम्नलिखित चार प्रश्नोंपर गम्भीरतासे विचार कीजिये—(१) होना किसे कहते हैं, इसकी क्या परिभाषा है, (२) होना किसका विभाग है, होना कौन करता है, होनेको करनेवाला कौन है, (३) होनेको करनेवाला कैसा है तथा (४) वह होनेको क्यों करता है, होनेके पीछे क्या रहस्य है? इन प्रश्नोंका उत्तर इस प्रकार है—

(१) **होनेकी परिभाषा—** जिसे आप अपने लिये नहीं करते, अपने लिये नहीं चाहते, उसे 'होना' कहते हैं। आपके

न करनेपर भी, आपके द्वारा कोई प्रयास न करनेपर भी, आपके न चाहनेपर भी, अपनी तरफसे पूरी सावधानीसे अपना कार्य करनेपर भी, बरबस, आपके साथ स्वत: जो कुछ हो जाता है, उसीका नाम है 'होना'।

(२) **'होने' को करनेवाला कौन है?**— जो साधक प्रभुकी सत्तामें विश्वास करते हैं, प्रभुको मानते हैं, उनके अनुसार 'होने' को करनेवाले प्रभु हैं, 'होना' प्रभुका विभाग है। करनेमें सावधानी रखनेके बावजूद भी आपके साथ जो कुछ स्वत: होता है, वह प्रभुकी आज्ञासे होता है। उनकी आज्ञाके बिना न आपकी तथा न आपके परिवारजनोंकी मृत्यु होती है, न आपके साथ कोई दुर्घटना, न बीमारी, न व्यापारिक नुकसान, न आपका अपमान। उनकी आज्ञाके बिना आपके जीवनमें किसी भी प्रकारकी 'प्रतिकूल परिस्थिति' का निर्माण हो ही नहीं सकता। स्मरण रहे, प्रतिकूल परिस्थितिका निर्माण दो प्रकारसे होता है—पहला अपने-आप, बिना किसी माध्यमके। इसमें आपको यह पता ही नहीं चलता कि इस प्रतिकूलताका निर्माण किसने किया। उदाहरण लीजिये—आप रात्रिमें आरामसे स्वस्थ अवस्थामें सोये, अचानक पक्षाघात हो गया, आप अपनी कार चला रहे हैं, सड़क खाली है कार उलट गयी। दूसरा, प्रतिकूल परिस्थितिके निर्माणमें माध्यम बननेवाला व्यक्ति आपको साफ-साफ दिखायी देगा, आपको पता चल जायगा कि अमुक व्यक्तिके कारण मेरे जीवनमें प्रतिकूलता आयी है। उदाहरण लीजिये— आप नींदमें सो रहे हैं, आपके पड़ोसीने आपपर हमला कर दिया, आपको चोट लगी, लकवा हो गया। आप कार चला रहे हैं सामनेवालेने आपकी कारको टक्कर मार दी। दोनोंकी गिनती 'होने' में होगी।

(३) **'होने को करनेवाला कैसा है?**— संतवाणी, ग्रन्थवाणी और भक्तवाणीके अनुसार 'होने' को करनेवाले प्रभु सर्वसामर्थ्यवान् हैं, परम दयालु हैं, परम करुणासागर हैं, पतितपावन हैं, अधमोद्धारक हैं, क्षमासिन्धु हैं, परम सुहृद् हैं, अहैतुकी कृपा करनेवाले हैं, सर्वज्ञ हैं, सर्वत्र हैं, सबका भरण-पोषण करनेवाले माता-पिता हैं, इस जगत्को बनाने तथा चलानेवाले हैं, इस जगत्के मालिक हैं। प्रभुकी महिमाका कोई पारावार नहीं है। वे कैसे हैं, यह तो वे ही बता सकते हैं, जिनको उन्होंने अपनी कृपासे कुछ अनुभव करवाया है। उपर्युक्त विशेषताएँ तो उनकी महिमाका कणमात्र संकेत हैं।

(४) **'होने' का रहस्य**— यदि आप इस बातको समझ लें, इस रहस्यको जान लें कि प्रभु 'होने' को क्यों करते हैं, तो आपको होनेमें प्रसन्न रहनेकी शक्ति मिल जायगी। विचार कीजिये, होना क्या है—होना आपके लिये आपके परम सुहृद् प्रभुका आदेश है, उपदेश है, आज्ञा है, संदेश-निर्देश है, इशारा है, संकेत है। 'होना' आपके लिये आपके प्रभुका जजमेण्ट— फैसला है।

विशेषताएँ— प्रभुके फैसले या 'होने' की निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं—

(१) **अहितकर नहीं**— करुणासागर, परम सुहृद् प्रभुकी तरफसे आपके साथ जो कुछ स्वत: होता है, उससे आपका कभी अहित नहीं हो सकता। इस आधारपर आपको 'होने' में सदैव निश्चिन्त एवं निर्भय रहना चाहिये। ऐसा कभी नहीं सोचना चाहिये कि प्रभुने ऐसा यह क्या कर डाला, अब क्या होगा, कैसे होगा? मैं अनाथ हो गया आदि।

(२) **सदैव हितकर**— 'होना' सदैव हितकर ही होता है। आपकी अल्प दृष्टि और अल्प बुद्धिसे 'होना' आपको अपने लिये अहितकर दिख सकता है। 'अहितकर' लगना—यह आपकी बुद्धिका निर्णय है। प्रभुकी बुद्धि एवं दृष्टि आपकी बुद्धि और दृष्टिकी तुलनामें अनन्त गुनी अधिक है। इसलिये उनका निर्णय परम हितकारी ही होता है। इस आधारपर होनेमें आपको खूब प्रसन्न रहना चाहिये।

(३) **प्रतिकूलताका रहस्य**— अपनी तरफसे करनेमें पूर्ण सावधानी रखनेपर भी आपके जीवनमें प्रभुके आदेशसे जिस प्रतिकूलताका निर्माण स्वत: अथवा किसीके माध्यमसे होता है। उसके पीछे निम्नलिखितमेंसे कोई भी कारण हो सकता है—

(क) अनुकूल परिस्थितिका दुरुपयोग करना।

(ख) करनेमें असावधान रहना।

(ग) पराधीनताका नाश।

(घ) प्रभुके द्वारा आपका सुधार किया जाना।

विचार करनेपर आपको स्पष्ट अनुभव होगा कि इन सबमें आका परम हित छिपा हुआ है। आपके परम हितके लिये उस प्रतिकूलताका निर्माण करना अत्यन्त आवश्यक था। यदि प्रभु उस प्रतिकूलताको नहीं भेजते तो आपको भीषण नुकसान होता। प्रभुनिर्मित प्रतिकूलताका रहस्य है— भयंकर हानिसे आपकी रक्षा करके आपका परम हित करना। आइये, इसपर विचार करें।

(क) अनुकूल परिस्थितिका दुरुपयोग— इसका आशय है—अनुकूलताके सुखको अपने जीवनका लक्ष्य मानकर उसका 'भोग' करना, उसमें राजी या सुखी होना और दिन-रात सुख-सामग्रीके संग्रह, उसमें वृद्धि तथा उसको बनाये रखनेके प्रयासोंमें लीन रहना। उसके आगे कुछ नहीं सोचना, कुछ नहीं करना। भगवान्‌का पूजन भी सुख-सामग्रीकी वृद्धि और सुरक्षाके लिये करना। यदि आप अनुकूलताके सुखको ही अपने जीवनका लक्ष्य मान लेंगे तो वह सुख न रहनेपर आपको भयंकर दु:ख होगा और शान्तिकी तरफ आपकी दृष्टि ही नहीं जायगी। आप शान्तिकी बात कभी नहीं सोचेंगे। स्मरण रहे, अनुकूलताका सुख सदैव रह ही नहीं सकता, क्योंकि यहाँकी हर चीज, प्रत्येक परिस्थिति प्रतिपल बदल रही है। प्रतिकूलता भेजकर प्रभुने आपको चेतावनी दी है—प्यारे! क्षणिक सीमित सुखमें मत फँसो, यह सुख रहनेवाला नहीं है, यह जा रहा है। सदैव रहनेवाले सुख (शान्ति)-की खोज करो, उसे प्राप्त करो। वही तुम्हारे जीवनका लक्ष्य है। यदि प्रभु प्रतिकूलता नहीं भेजते तो आप अनन्त कालतक 'सीमित सुख' के कुचक्रमें फँसे रहते। सुख भोगते अपनी इच्छासे और दु:ख भोगना पड़ता विवशतासे।

(ख) 'करने' में असावधानी— 'प्रतिकूलता' करनेमें असावधानीका संकेत है। गम्भीरतासे विचार करनेपर आपको अपनी किसी-न-किसी असावधानीका पता चलेगा। 'प्रतिकूलता' उस असावधानीको मिटानेका संदेश है। यदि वह असावधानी होती ही रहती तो आपको काफी अधिक नुकसान होता। प्रतिकूलता भेजकर प्रभुने आपको भविष्यमें होनेवाले भयंकर नुकसानसे बचाया है।

(ग) पराधीनताका नाश— यदि आप 'अपने' लिये किसी भी नाशवान् वस्तु, व्यक्ति, परिवारजन अथवा अपने शरीरकी आवश्यकता समझते हैं तो आप पराधीन हैं। जो व्यक्ति अपनेको पराधीन बना लेता है, उसे कभी भी स्थायी प्रसन्नता नहीं मिल सकती। उसके चेतन-अचेतन मनमें हर समय वस्तु, व्यक्ति, शरीर आदिके वियोगका भय बना रहता है और इनका वियोग हो जानेपर उसे भयंकर दु:ख होता है। नाशवान्‌का वियोग अवश्य होगा। इसलिये पराधीन व्यक्तिको दु:ख भोगना ही पड़ेगा। प्रतिकूलता आपको यह संदेश देती है कि आप पराधीन न रहें, अपनी प्रसन्नताको नाशवान् वस्तुओं तथा व्यक्तियोंपर आधारित न रखें, स्वाधीन हो जायँ। यदि प्रतिकूलता नहीं आती तो आप स्वाधीन होनेकी बात कभी नहीं सोचते और सदैव पराधीनताजनित सुख-दु:खमें फँसे रहते।

(घ) प्रभुद्वारा किया जानेवाला सुधार— आपके पास तीन शरीर हैं। हाड़, मांस, रक्त, नाड़ियोंसे बना हुआ ढाँचा जिसमें यथास्थान विभिन्न इन्द्रियाँ लगी हुई हैं। यह स्थूल शरीर है। आपके भाव, आपका चिन्तन आपका सूक्ष्म शरीर है। आपको 'मैंपन' का जो आभास होता है वही आपका कारण शरीर है। आपके सूक्ष्म शरीरमें मोह, ममता तथा कामना और कारण शरीरमें अहंकाररूपी रोगका खतरनाक जहर फैल रहा था। उस जहरसे आप दिन-रात दु:खी, चिन्तित, परेशान तथा मानसिक तनावसे ग्रस्त थे, दीनता और अभिमानकी अग्निमें झुलस रहे थे। करुणासागर प्रभुसे आपका दु:ख सहन नहीं हुआ। इसलिये उन्होंने आपका ऑपरेशन करके सुधार कर डाला। जिस प्रकार आप अपने बालकके जहरीले फोड़ेका ऑपरेशन करवाते हैं, उसके रोनेकी परवाह नहीं करते, उसी प्रकार संसारके सबसे कुशल चिकित्सक प्रभुने प्रतिकूलताके द्वारा आपका ऑपरेशन करके आपके जहरको बाहर निकाला है।

यदि प्रभु मोह, ममता, कामना, अहंकारके जहरको बाहर नहीं निकालते तो अनन्त कालतक आप दु:खके सागरमें डूबते रहते। व्यक्तियोंको अपना मानकर उनसे सुखकी आशा रखना मोह है। वस्तुओंको मेरा मानकर सुखकी आशा रखना ममता है। मैं जैसा चाहूँ वैसा ही दूसरे लोग करें ताकि मुझे सुख मिले और मैं जैसा नहीं चाहूँ वैसा कोई नहीं करे—ऐसा सोचना कामना है। शुभ कार्य मैं कर रहा हूँ—ऐसा सोचना ही अहंकार है। ऑपरेशन करके प्रभुने आपके सांसारिक बन्धनको तोड़ा है, आपके जीवनको अपनी तरफ मोड़ा है, आपको एक नयी दिशा, नया चिन्तन, नया जीवन दिया है जिसमें अपार प्रेम और आनन्द है। अब आप परम शान्ति, जीवन्मुक्ति, भगवद्भक्ति तथा भगवद्दर्शनके अलौकिक आनन्दमें सराबोर हैं। यही आपके जीवनकी सर्वोच्च सफलता है।

इस दृष्टिसे 'प्रतिकूलता' प्रभुका सबसे बड़ा वरदान है।

◆ ॐ ◆

अपनेको जानो

डॉ० श्रीगणेशदत्तजी सारस्वत

एक राजा मरुस्थलमें अकेला भटक गया। प्याससे व्याकुल होकर धरतीपर गिरकर वह छटपटाकर कहने लगा—'पानी! पानी!! पानी!!!' संयोगवश एक महात्मा उधरसे निकले। पानी-पानीकी आवाज सुनकर महात्माने कमण्डलुका आधा जल उसके मुखमें डाल दिया, जिससे वह स्वस्थ हो गया। राजाने निवेदन किया—'महात्माजी! मैं अपना आधा राज्य आपके चरणोंमें समर्पित करता हूँ, क्योंकि प्याससे छटपटाते समय मैंने ऐसा ही संकल्प किया था।'

महात्माजीने प्रसन्नमुद्रामें राजासे पूछा—'अच्छा राजन्! यह बतलाओ कि यदि अब तुम्हें जलसे अपच हो जाय और लघुशंका न हो तथा मरणासन्न हो जाओ तो चिकित्सा करके नीरोग करनेवालेको क्या दोगे?'

राजाने कहा—'भगवन्! बचा हुआ आधा राज्य भी अपने उस प्राणरक्षकको अर्पित कर दूँगा।'

महात्मा बोले—'इसका अर्थ है कि तुम्हारे समस्त राज्यका मूल्य मात्र आधा कमण्डलु जल है। ऐसा राज्य लेकर मैं क्या करूँगा? राज्यसे भी मूल्यवान् है यह जीवन, जिसके लिये शेष आधा राज्य भी तुम देनेको तैयार हो गये हो। इसलिये जीवनको ही सफल बनाओ।' (परमार्थ)

वास्तवमें जीवन अमूल्य है, यह अनमोल है। अत: इसे जानकर इसका सदुपयोग करना चाहिये।

वेदान्तका संदेश है—'आत्मानं विद्धि' अपनेको जानो। अपनेको जान लेना ही जीवनकी सफलताका रहस्य है। जो अपनेको जान लेता है, आत्मतत्त्वको पहचान लेता है, उसके लिये यह शरीर एक रथके समान है। 'कठोपनिषद्' में इस शरीर-रथका सुन्दर विवेचन हुआ है। परमात्मप्राप्तिके उपायका वर्णन करते हुए यमराज नचिकेतासे कहते हैं—

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥
इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥

(१।३।३-४)

अर्थात् हे नचिकेता! तुम जीवात्माको रथका स्वामी, शरीरको रथ, बुद्धिको सारथि तथा मनको ही लगाम समझो। रथीके ज्ञानयुक्त होनेपर इन्द्रियोंके बलवान् घोड़े कभी विपथगामी नहीं होते, अपितु उस मार्गपर ले चलते हैं जो परमात्मासे मिलानेवाला है। यह मार्ग है— उपासनाका, वेदतत्त्व ओंकारस्वरूप भगवान् विष्णुकी वन्दनाका। इस मार्गके पथिकका जप निरन्तर इस प्रकार चलता रहता है—

नमोऽस्तु विष्णवे तस्मै यस्याभिन्नमिदं जगत्।
ध्येयः स जगतामाद्यः स प्रसीदतु मेऽव्ययः॥
यत्रोतमेतत्प्रोतं च विश्वमक्षरमव्ययम्।
आधारभूतः सर्वस्य स प्रसीदतु मे हरिः॥
ॐ नमो विष्णवे तस्मै नमस्तस्मै पुनः पुनः।
यत्र सर्वं यतः सर्वं यः सर्वं सर्वसंश्रयः॥

(वि०पु० १।१९।८२-८४)

अर्थात् यह जगत् जिनका अभिन्न स्वरूप है, उन भगवान् श्रीविष्णुको नमस्कार है। वे जगत्के आदिकारण और योगियोंके ध्येय, अव्यय, हरि मुझपर प्रसन्न हों। जिनमें यह सम्पूर्ण विश्व ओत-प्रोत है, वे अक्षर, अव्यय और सबके आधारभूत हरि मुझपर प्रसन्न हों। जिनमें सब कुछ स्थित है, जिनसे सब उत्पन्न हुआ है और जो स्वयं सब कुछ तथा सबके आधार हैं, उन वेदतत्त्व ॐकारस्वरूप भगवान् श्रीविष्णुको नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है।

ऐसा विवेकशील व्यक्ति **'तत्पदमाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते'** (कठोपनिषद् १।३।८) उस परम धामको प्राप्त कर लेता है, जहाँसे फिर लौटना नहीं होता। परम धामको प्राप्त कर लेना ही मोक्ष है। ऐसा व्यक्ति जो परब्रह्म परमात्माको जान लेता है, वह ब्रह्म ही हो जाता है—**'स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति'** (मुण्डकोपनिषद् ३।२।९)। वह **'विमुक्तोऽमृतो भवति'** यानी हृदयमें स्थित सब प्रकारके संशय, विपर्यय, देहाभिमान तथा विषयासक्ति आदि ग्रन्थियोंसे छूटकर अमर हो जाता है।

—इस अवस्थाको प्राप्त करनेके लिये कठोर साधना अपेक्षित है। यह साधना तब बन पड़ेगी जब शरीर हृष्ट-पुष्ट होगा और तेजस्विता, ओजस्विता तथा वर्चस्वितासे युक्त होगा। कहा गया है—**'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'** धर्मका प्रथम साधन शरीर है। इसीलिये यजुर्वेद (३।१७)-में प्रार्थना की गयी है—

तनूपा अग्नेऽसि तन्वं मे पाह्यायुर्दा अग्नेऽस्यायुर्मे देहि वर्चोदा अग्नेऽसि वर्चो मे देहि। अग्ने यन्मे तन्वा ऊनं तन्म आपृण॥

अर्थात् हे अग्नि! तू शरीरकी रक्षा करनेवाला है, मेरे शरीरकी रक्षा कर। हे अग्नि! तू आयुका प्रदाता है, मुझे (दीर्घ) आयु प्रदान कर। हे अग्नि! तू वर्चस्वका प्रदाता है, मुझे वर्चस् प्रदान कर तथा हे अग्नि! मेरे शरीरमें जो कमी है, उसकी पूर्ति कर।

मानव-शरीरके समान उपयोगी दूसरा साधन नहीं, जो जीवन-लक्ष्यका उद्बोधन करा सके। यह एक ऐसा जीवन है, जिससे नर नारायणको प्राप्त कर सकता है। इसीलिये कहा गया है कि नारायणको प्राप्त करनेके लिये नर-देहकी प्राप्ति एक सोपान है। संत एकनाथ भावविभोर होकर गाया करते थे—'**नवदेहा चे नि जाने, सच्चिदानन्द पदवी घेंग, ये बढ़ी अधिकार नारायणे कृपावलोकने दीघला**' परमात्माने मनुष्यको कृपापूर्वक यह अधिकार दिया है कि ज्ञानके द्वारा वह इसी नर-देहसे सच्चिदानन्दको प्राप्त कर सके।

सच्चिदानन्दतक पहुँचनेके तीन मार्ग हैं— ज्ञान, भक्ति तथा कर्म। इनमें भक्तिमार्ग अत्यन्त सरल तथा सर्वसुलभ साधन है। तुलसीदासजीके राम कहते हैं—

जौं परलोक इहाँ सुख चहहू।
सुनि मम बचन हृदयँ दृढ़ गहहू।।
सुलभ सुखद मारग यह भाई।
भगति मोरि पुरान श्रुति गाई।।

(रा०च०मा० ७।४५।१-२)

इस मार्गपर चलता हुआ व्यक्ति अपने लक्ष्यतक आसानीसे पहुँच जाता है। इसीलिये तुलसीदासजी इसे 'चिन्तामणि' की अनुरूपता प्रदान करते हुए लिखते हैं—

राम भगति चिंतामनि सुंदर।
बसइ गरुड़ जाके उर अंतर।।
परम प्रकास रूप दिन राती।
नहिं कछु चहिअ दिआ घृत बाती।।
मोह दरिद्र निकट नहिं आवा।
लोभ बात नहिं ताहि बुझावा।।
प्रबल अबिद्या तम मिटि जाई।
हारहिं सकल सलभ समुदाई।।
खल कामादि निकट नहिं जाहीं।
बसइ भगति जाके उर माहीं।।
गरल सुधासम अरि हित होई।
तेहि मनि बिनु सुख पाव न कोई।।
ब्यापहिं मानस रोग न भारी।
जिन्ह के बस सब जीव दुखारी।।
राम भगति मनि उर बस जाकें।
दुख लवलेस न सपनेहुँ ताकें।।
चतुर सिरोमनि तेइ जग माहीं।
जे मनि लागि सुजतन कराहीं।।
सो मनि जदपि प्रगट जग अहई।
राम कृपा बिनु नहिं कोउ लहई।।
सुगम उपाय पाइबे केरे।
नर हतभाग्य देहिं भटभेरे।।
पावन पर्बत बेद पुराना।
राम कथा रुचिराकर नाना।।
मर्मी सज्जन सुमति कुदारी।
ग्यान बिराग नयन उरगारी।।
भाव सहित खोजइ जो प्रानी।
पाव भगति मनि सब सुख खानी।।

(रा०च०मा० ७।१२०।२-१५)

काकभुशुण्डिका गरुडके प्रति यह कथन जहाँ '**भगति मनि**' की उपलब्धताका माध्यम सुनिश्चित करता है, वहीं उसकी '**प्रभुताई**' को भी अपने पूर्ण वैभवके साथ व्यञ्जित करता है।

यह भक्ति नौ प्रकारकी मानी गयी है। 'श्रीमद्भागवत' में प्रह्लाद अपने पितासे इसके नवधा स्वरूपका वर्णन करते हुए कहते हैं—

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।।

अर्थात् श्रीविष्णुका श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य एवं आत्म-निवेदन अर्थात् अपना सर्वस्य समर्पण भक्तिके ये नौ रूप हैं। इनमेंसे प्रत्येकके अद्भुत उदाहरण हमारे सम्मुख हैं—

श्रीविष्णोः श्रवणे परीक्षिदभवद् वैयासकिः कीर्तने
प्रह्लादः स्मरणे तदङ्घ्रिभजने लक्ष्मीः पृथुः पूजने।
अक्रूरस्त्वभिवन्दने कपिपतिर्दास्येऽथ सख्येऽर्जुनः
सर्वस्वात्मनिवेदने बलिरभूत् कृष्णाप्तिरेषां परम्।।

श्रीविष्णुके श्रवणमें परीक्षित्, कीर्तनमें श्रीशुकदेवजी, स्मरणमें भक्त प्रह्लाद, पादसेवनमें लक्ष्मीजी, पूजनमें महाराज पृथु, वन्दनमें अक्रूर, दास्यमें हनुमानजी, सखाभावमें अर्जुन एवं सम्पूर्ण आत्मनिवेदनमें महादानी बलि हुए। इन श्रेष्ठ पुरुषोंको श्रीकृष्णकी प्राप्ति हुई।

इस भक्तिमार्गमें सबसे बड़ा बाधक है अहंकार। इसी अहंकारके कारण सारी साधना निष्फल हो जाती है। एक मुसलमान फकीर हाजी मुहम्मदके जीवनकी एक घटना है। वे साठ बार हज कर आये थे और प्रतिदिन नियमपूर्वक पाँचों

वक्तकी नमाज़ पढ़ते थे। एक दिन हाजी साहबने सपनेमें देखा—'स्वर्गीय दूत बेंत हाथमें लेकर स्वर्ग और नरकके बीच खड़ा है। जो भी यात्री आता है, उसके भले-बुरे कर्मोंका परिचय जानकर वह किसीको स्वर्ग और किसीको नरकमें भेज रहा है। हाजी मुहम्मद जब इसके सामने आये तब दूतने पूछा—'तुम किस सत्कार्यके फलस्वरूप स्वर्गमें जाना चाहते हो?' उत्तरमें हाजी साहबने कहा—'मैने साठ बार हज किया है।' स्वर्गीय दूत बोला—'यह तो सत्य है, परंतु जब कोई तुमसे तुम्हारा नाम पूछता तो तुम गर्वके साथ बोलते हो—'मैं हाजी मुहम्मद हूँ।' इस गर्वके कारण तुम्हारा साठ बार हज करनेका पुण्य नष्ट हो गया। तुम्हारा और कोई पुण्य हो तो बताओ?'

हाजी साहबका, जो अपनेको सहज ही स्वर्गका अधिकारी मानते थे, मुँह उतर गया। उन्होंने काँपते हुए स्वर्गीय दूतसे कहा—'मैंने साठ वर्षतक नित्य-नियमित रूपसे प्रतिदिन पाँचो वक्त नमाज़ पढ़ी।' स्वर्गीय दूतने कहा—'तुम्हारी वह पुण्यकी ढेरी भी नष्ट हो गयी।'

हाजी मुहम्मदने काँपते-काँपते पूछा—'सो कैसे? मेरे किस अपराधसे यह तप नष्ट हो गया?

स्वर्गीय दूतने कहा—'एक दिन बाहरसे बहुत-से धर्मजिज्ञासु तुम्हारे पास आये थे। उस दिन उनके सामने, उन लोगोंको दिखानेके लिये तुमने दूसरे दिनोंकी अपेक्षा अधिक देरतक नमाज़ पढ़ी थी। इस लोकदिखाऊ भावके कारण तुम्हारी साठ वर्षकी तपस्या नष्ट हो गयी।' (परमार्थ, बोधकथा)

हाजी मुहम्मदके जीवनकी इस घटनाके समान हमारे रोजके जीवनमें भी ऐसे अवसर आते हैं, जहाँ हमारा अहंकार हमारे रास्तेमें रोड़ा अटकाता रहता है। यह घटना इस बातपर बल देती है कि अहंकार तथा प्रदर्शनसे पुण्य नष्ट हो जाते हैं।

वास्तवमें यह अहंकार एक ऐसी दीवार है, जो 'दीदार' में बाधक है। प्रियतम सामने खड़ा है फिर भी हम उसके दर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हमने अपनी आँखें ही बंद कर रखी हैं और शिकायत कर रहे हैं कि वह दिखायी नहीं देता। सच तो यह है कि—

न कोई पर्दा है उसके दरपर, न रूये रोशन तकाबमें है।
तु आप अपनी खुदीसे ऐ दिल, हिजाबमें था हिजाबमें है।

और यह उद्घोष —

रोशन है मेरे जलवे हर एक शै में लेकिन
है चश्म कोर तेरी क्या है कुसुर मेरा।।

—अंदरकी आँखें खोलनेकी प्रेरणा प्रदान करता है। तुलसीदासजी जब लिखते हैं—'**अस मानस मानस चख चाही**' तो इसके मूलमें भी यही प्रेरणा विद्यमान है।

भक्ति करनेके लिये किसी विशेष साधनकी आवश्यकता नहीं, आवश्यकता है केवल भावना बदलनेकी। जो भी कर्म हम करते हैं, 'मैं' और 'मेरे लिये' न होकर ईश्वर और ईश्वरके लिये हों। भगवान् शङ्कराचार्य 'शिवमानसपूजा' श्लोक (४)-में कहते हैं—

आत्मा त्वं गिरिजा मतिः सहचराः प्राणाः शरीरं गृहं
पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधिस्थितिः।
सञ्चारः पदयोः प्रदक्षिणविधिः स्तोत्राणि सर्वा गिरो
यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम्।।

हे शम्भो! मेरी आत्मा तुम हो, बुद्धि पार्वती हैं, प्राण आपके गण हैं, शरीर आपका मन्दिर है, सम्पूर्ण विषयभोगकी रचना आपकी पूजा है, निद्रा समाधि है, मेरा चलना-फिरना आपकी परिक्रमा है तथा सम्पूर्ण शब्द आपके स्तोत्र हैं; इस प्रकार मैं जो-जो भी कर्म करता हूँ, वह सब आपकी आराधना ही है।

ऐसी स्थितिमें हमारा यह प्रयत्न होना चाहिये कि हम जो भी कार्य करें, भगवान्‌की प्रीतिके लिये ही करें और इस बातका सदा ध्यान रखें कि जिस कार्यमें किसी भी प्राणीका अहित है, वह कार्य भगवान्‌की प्रीतिके लिये नहीं हो सकता।

'नीतिशतक' (श्लोक २६)-में मनुष्यके कल्याणका जो मार्ग बतलाया गया है, वह सार्वदेशिक तथा सार्वकालिक है—

प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे संयमः सत्यवाक्यं
काले शक्त्या प्रदानं युवतिजनकथामूकभावः परेषाम्।
तृष्णास्त्रोतोविभंगो गुरुषु च विनयः सर्वभूतानुकम्पा
सामान्यः सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः श्रेयसामेष पन्थाः।।

जीव-हिंसा न करना, पराया धन हरण करनेसे मनको रोकना, सत्य बोलना, समयपर सामर्थ्यानुसार दान करना, परस्त्रियोंकी चर्चा न करना और न सुनना, तृष्णाके प्रवाहको तोड़ना, गुरुजनोंके आगे नम्र रहना और सब प्राणियोंपर दया करना—ये सब सामान्यतया सब शास्त्रोंके मतसे मनुष्यके कल्याणकारी मार्ग हैं। अतः कल्याणमार्गका पथिक बनते हुए स्वयंको पहचाननेका—आत्मतत्त्वको जाननेका प्रयत्न अविलम्ब ही कर लेना चाहिये; क्योंकि मृत्यु किस घड़ी आकर सामने खड़ी हो जाय, यह कोई नहीं जानता।

श्रीहरिको प्रेमपूर्वक हृदयमें धारण करनेका फल

श्री जय जय बाबा

परम मोक्षदायक महापुराण श्रीमद्भागवतमें विराट्-स्वरूपकी विभूतियोंकी महिमाको प्रतिपादित करते हुए सृष्टिके आदिकारण ब्रह्माजी नारदजीको सम्बोधित कर कहते हैं—प्यारे नारद!

न भारती मेऽङ्ग मृषोपलक्ष्यते
न वै क्वचिन्मे मनसो मृषा गतिः।
न मे हृषीकाणि पतन्त्यसत्पथे
यन्मे हृदौत्कण्ठ्यवता धृतो हरिः॥

(श्रीमद्भा० २।६।३३)

'मैं प्रेमपूर्ण एवं उत्कण्ठित-हृदयसे भगवान् श्रीहरिके स्मरणमें मग्न रहता हूँ, इसीलिये मेरी वाणी कभी असत्य होती नहीं दीखती। मेरा मन कभी असत्य संकल्प नहीं करता और मेरी इन्द्रियाँ भी कभी मर्यादाका उल्लंघन करके कुमार्गमें नहीं जातीं।'

भगवान श्रीहरि निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे भगवान् अनन्त हैं, अतः उनके गुण भी अनन्त हैं। उनके गुणोंका पार पानेमें कोई भी समर्थ नहीं है, जैसा कि कहा गया है—

यो वा अनन्तस्य गुणाननन्ता-
ननुक्रमिष्यन् स तु बालबुद्धिः।
रजांसि भूमेर्गणयेत् कथञ्चित्
कालेन नैवाखिलशक्तिधाम्नः॥

(श्रीमद्भा० ११।४।२)

अर्थात् भगवान् अनन्त हैं, और इसी कारण उनके गुण भी अनन्त हैं। जो यह सोचता है कि मैं उनके गुणोंकी गणना कर लूँगा वह अल्पबुद्धिवाला है— बालक है। यह तो सम्भव है कि कदाचित् कोई पृथ्वीके धूलिकणोंकी गणना कर भी ले, परंतु समस्त शक्तियोंके आधारभूत भगवान्के अनन्त गुणोंकी गणना तो कोई किसी प्रकार भी नहीं कर सकता।

भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः॥

(गीता १७।३)

यह पुरुष श्रद्धामय है अतः जो पुरुष जैसी श्रद्धावाला है, वह वैसा ही हो जाता है। अभिप्राय यह है कि जो व्यक्ति भगवान्का भक्त होकर श्रद्धाके साथ उनके गुणोंका चिन्तन मनन करता है, वह वैसा ही हो जाता है। '**अखिलशक्तिधाम्नः**' यानी समस्त शक्तियोंके आधार श्रीभगवान्के गुणोंका चिन्तन-मनन करनेवालेकी वाणी एवं मन और इन्द्रियाँ भी अवश्य ही शक्तिशाली हो जाती है। जिसके कारण उसका कभी भी अधःपतन नहीं हो सकता। भाव यह है कि भगवान्के तत्तद्गुणोंका श्रद्धापूर्वक चिन्तन-मनन करता हुआ श्रद्धावान् भक्त भगवान्के गुणस्वरूप अर्थात् भगवत्स्वरूप ही हो जाता है।

भगवान्का एक नाम है— 'अच्युत'। इसका अर्थ है— जो अपने स्वरूपसे, अपने स्वभावसे कभी गिरता नहीं, अलग नहीं होता। जैसे अग्निका स्वभाव है जलाना और प्रकाश देना। अग्निका यह स्वभाव कभी भी उससे अलग नहीं किया जा सकता। उसी प्रकार हमारी आत्माका स्वभाव है नित्य-बोधरूप एवं ज्ञानस्वरूपमें अवस्थित रहना। आत्माके इस स्वभावको कभी भी उससे अलग नहीं किया जा सकता। गुणको गुणीसे, धर्मको धर्मीसे किसी प्रकार पृथक् नहीं किया जा सकता, यह एक नैसर्गिक नियम है, विधि है तथा सृष्टिपरक प्रतिष्ठा है।

श्रुतिवाक्य है—'न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्' सर्वद्रष्टा आत्माके अविनाशी होनेके कारण उसकी दृष्टि अर्थात् उसके ज्ञानका कभी नाश नहीं होता। इसीलिये आत्माके विषयमें कहा गया है—'**धाम्ना स्वेन सदा निरस्तकुहकम्**', '**अलुमदृग्**', '**अविद्धदृग्**' इत्यादि। अतः ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्माको जिसने अपने हृदय में दृढ़तासे धारण कर लिया है, उसके वाणी, मन और इन्द्रियाँ कभी भी असत्—द्वैतकी ओर प्रवाहित नहीं हो सकतीं। अपने ज्ञानालोकमें वह सदैव सत्-चित्-आनन्दस्वरूप परमात्माको ही धारण किये रहता है।

भक्तके लिये तो सब संसार भगवत्स्वरूप है—'**इदं हि विश्वं भगवानिवेतरः**' तात्पर्य यह कि जिनसे जगत्की उत्पत्ति-स्थिति और प्रलय होते हैं, वे भगवान् ही इस विश्वके रूपमें हैं। इसका सम्यक् बोध हो जानेपर उस भक्तकी वाणी, मन और इन्द्रियाँ भगवान्को छोड़ अन्यत्र कहाँ जायँगी?

भगवत्प्राप्तिके लिये सबसे सरल और उत्तम मार्ग बताते

हुए भगवान् श्रीकृष्ण अपने भक्त उद्धवजीसे कहते हैं—

अयं हि सर्वकल्पनां सध्रीचीनो मतो मम।
मद्भाव: सर्वभूतेषु मनोवाक्कायवृत्तिभि: ।।
न ह्यङ्गोपक्रमे ध्वंसो मद्धर्मस्योद्धवाण्वपि।
मया व्यवसित: सम्यङ् निर्गुणत्वादनाशिष: ।।
यो यो मयि परे धर्म: कल्प्यते निष्फलाय चेत्।
तदायासो निरर्थ: स्याद् भयादेरिव सत्तम।।
एषा बुद्धिमतां बुद्धिर्मनीषा च मनीषिणाम्।
यत् सत्यमनृतेनेह मर्त्येनाप्नोति मामृतम्।।

(श्रीमद्भा० ११।२९।१९-२२)

हे उद्धवजी! मेरी प्राप्तिके जितने साधन हैं, उनमें मैं तो सर्वश्रेष्ठ साधन यहीं समझता हूँ कि समस्त प्राणियों और पदार्थोंमें मन, वाणी और शरीरकी समस्त वृत्तियोंसे मेरी ही भावना की जाय। यही मेरा अपना भागवतधर्म है। इसको एक बार आरम्भ करनेके बाद पुन: किसी प्रकारकी विघ्न-बाधासे इसमें लेशमात्र भी अन्तर नहीं पड़ता, क्योंकि यह धर्म निष्काम है और स्वयं मैंने ही इसे निर्गुण होनेके कारण सर्वोत्तम निश्चित किया है। भागवतधर्ममें किसी प्रकारकी त्रुटि होना तो दूर रहा, यदि इस धर्मका साधक भय तथा शोक आदिके अवसरपर होनेवाली भावनाओं और निरर्थक कर्मोंको भी निष्कामभावसे मुझे समर्पित कर दे तो वे भी मेरी प्रसन्नताके कारण धर्म बन जाते हैं। विवेकियोंके विवेक और चतुरोंकी चतुराईकी पराकाष्ठा इसीमें है कि वे इस असत्य और विनाशी शरीरके द्वारा मुझ अविनाशी और सत्य-तत्त्वको प्राप्त कर लें।

सभी भगवद्भक्तोंको सच्चे मनसे यह अन्तर्निरीक्षण करना चाहिये कि हमारी वाणी, मन और इन्द्रियाँ संसारके असत् पदार्थोंकी ओर प्रवाहित तो नहीं हो रही हैं, यदि ऐसा है तो तुरंत ही भगवान् श्रीहरिका स्मरण प्रारम्भ कर दें। वे सर्वशक्तिमान् हैं; वे सब प्रकारके अनर्थोंसे बचानेकी शक्ति रखते हैं—

'हरिस्मृति: सर्वविपद्विमोक्षणम्'

(श्रीमद्भा० ८।१०।५५)

हमारा मन और बुद्धि श्रीहरिके चरणारविन्दोंमें स्थिर हो जायँ बस यही भाव निरन्तर भगवान्में ही बने रहनेका सबसे बड़ा साधन है जैसा कि स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुनसे कहते हैं—

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय।
निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्ध्वं न संशय: ।।

(गीता १२।८)

हे अर्जुन! तू मुझ विश्वरूप ईश्वरमें ही अपने संकल्प-विकल्पात्मक मनको स्थिर कर और मुझमें ही निश्चय करनेवाली बुद्धिको स्थिर कर ले। ऐसा कर लेनेपर तू निस्संदेह एकात्मभावसे मुझमें ही निवास कर लेगा, इसमें कुछ भी संशय नहीं।

अत: सभी निष्काम भगवद्भक्तों, उपासकों एवं भगवत्प्रेमियोंको चाहिये कि वे मन, वाणी एवं कर्मसे अपने कर्म, विकर्म तथा अकर्मोंका सर्वस्य-समर्पणकर भगवान्में ही अपनेको इस प्रकार एकीभूत कर लें कि उससे भिन्न किसी अन्य सत्ताका भान भी न रहे। ऐसा हो जानेपर भक्त साक्षात् भगवान् ही हो जाता है और भगवान् ऐसे अनन्यभावी भक्तके योग-क्षेमकी जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ले लेते हैं। अब उस भक्तको क्या चाहिये, अब तो उसे कुछ भी करना शेष नहीं रह जाता है। इसीलिये भगवान् स्वयं अपने परमधामका मार्ग भी भक्तको बतला देते हैं—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जना: पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।

(गीता ९।२२)

◆ ॐ ◆

दिव्यवाणी

- भगवान्का भजन करते समय संसारको याद नहीं करना चाहिये और संसारका काम करते समय भगवान्को भूलना नहीं चाहिये ।

—*श्रीश्री स्वामी* रामसुखदासजी

भागवतधर्म—पञ्चम पुरुषार्थ

बालयोगी श्रीशंकरानन्दजी ब्रह्मचारी

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेत-
स्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।
श्रेयो हि धीरोऽभिप्रेयसो वृणीते
प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद् वृणीते।।

(कठ० १।२।२)

मानवमात्रकी प्रवृत्ति दो प्रकारके साधनोंमें होती है। धन, मान एवं भौतिक सुखोंकी प्राप्तिके लिये किये गये साधन प्रेय-साधन कहलाते हैं तथा सर्वजनहिताय या अपने आध्यात्मिक उत्कर्षके लिये किये जानेवाले साधन श्रेय-साधन कहलाते हैं। जिनकी बुद्धि सत्-शास्त्र-श्रवण, अध्ययन तथा महापुरुषोंके सत्संगद्वारा विवेकवती हो गयी है, वे कल्याण-पथमें धैर्यसे बढ़नेवाले सम्यक् प्रकारसे प्रयत्नशील विवेकीजन ही प्रेयकी अपेक्षा श्रेय अर्थात् परम कल्याणको अधिक महत्त्व देते हैं।

श्रेय एवं प्रेय दोनोंकी प्राप्तिकी इच्छावाले व्यक्तिको यथाप्राप्त समस्त जागतिक सुख-सामग्रियोंको भगवत्स्वरूप जानकर यथासाध्य सर्वहितार्थ ही नियोजित करना चाहिये, क्योंकि सत्कर्म ही उभयविध (लौकिक-पारलौकिक) कल्याणका दाता है। कहा गया है—

धर्म तें बिरति जोग तें ग्याना। ग्यान मोच्छप्रद बेद बखाना।।
जातें बेगि द्रवउँ मैं भाई। सो मम भगति भगत सुखदाई।।
सो सुतंत्र अवलंब न आना। तेहि आधीन ग्यान बिग्याना।।

(रा०च०मा० ३।१६।१-३)

भगवान् रामने लक्ष्मणको अपनी प्रसन्नताका कारण बताते हुए कहा है, धर्मसे वैराग्यकी तथा योगसे ज्ञानकी प्राप्ति होती है, और ज्ञान मोक्षप्रद है ऐसा वेदोंमें वर्णित है। परंतु भक्ति स्वतन्त्र है उसे ज्ञान एवं वैराग्यकी अपेक्षा नहीं रहती, क्योंकि ज्ञान-विज्ञान तो उसके अधीन हैं। भागवतमें भी कहा गया है—

वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः।
जनयत्याशु वैराग्यं ज्ञानं च यदहैतुकम्।।

(श्रीमद्भा० १।२।७)

अर्थात् भगवान् श्रीकृष्णमें भक्ति होते ही अनन्य प्रेमसे उनमें चित्त जोड़ते ही निष्काम ज्ञान और वैराग्यका आविर्भाव हो जाता है। अब यह जानना आवश्यक है कि भक्त एवं भक्तिका स्वरूप क्या है? जो कभी भगवान्से विभक्त न हो अर्थात् जिसके प्रत्येक कर्म भगवान्के लिये होते हैं, क्षणमात्रके लिये भी जिसे भगवत्-विस्मृति नहीं होती ऐसा भक्त होता है। सतत भगवत्स्मरण तभी हो सकता है, जब यह धारणा दृढ़ हो जाय कि यह जगत् ईश्वरसे भिन्न नहीं है, बल्कि वह ईश्वर ही जगत्-रूपमें भासित हो रहा है—

हरिरेव जगज्जगदेव हरिर्हरितो जगतो नहि भिन्नतनुः।।

(श्रीमधुसूदन सरस्वतीजी)

इसी ईश्वर और जगत्की अभिन्नता या कण-कणमें ईश्वरकी सर्वव्यापकताके सम्बन्धमें श्रीमद्भागवत महापुराणका यह प्रसंग द्रष्टव्य है—'एक समय ब्रह्माजीको वन-भोजनकालमें श्रीकृष्णद्वारा ग्वालोंका उच्छिष्ट ग्रहण करते देख संदेह हुआ कि जिसे पवित्रतापूर्वक वेदमन्त्रोंसे भोग लगानेपर भी भक्षण करते नहीं देखा जाता, वह ग्वालोंका जुठन कैसे ग्रहण कर सकता है।' इसलिये अपने संदेह निवारण एवं श्रीकृष्णकी भगवत्ताके परीक्षणार्थ उन्होंने ग्वालों और बछड़ोंका हरण कर लिया। श्रीकृष्ण चाहते तो ब्रह्माजीद्वारा छिपाये गये ग्वालों-बछड़ोंको अनायास ही ला सकते थे, परंतु इससे ब्रह्माजीका मोह नहीं मिटता, अतः ब्रह्माजीका मोह एवं सृष्टिकर्तापनके अभिमानको विनष्ट करनेके लिये श्रीकृष्ण ग्वाले-बछड़े ही नहीं बल्कि वंशी-छड़ी तथा सींगसे बना वाद्य, आभूषण, वस्त्र, गुण एवं स्वभाव—सब कुछ स्वयं ही बन गये। अभिप्राय यह कि ब्रह्माजीद्वारा अपहृत समस्त ग्वाल-बाल, बछड़े एवं अन्यान्य पदार्थ ज्यों-के-त्यों ब्रह्माजीको वहाँ सर्वत्र दृष्टिगोचर होने लगे—

यावद्वत्सपवत्सकाल्पकवपुर्यावत्कराङ्घ्र्यादिकं
यावद् यष्टिविषाणवेणुदलशिग् यावद्विभूषाम्बरम्।
यावच्छीलगुणाभिधाकृतिवयो यावद् विहारादिकं
सर्वं विष्णुमयं गिरोऽङ्गवदजः सर्वस्वरूपो बभौ।।

(श्रीमद्भा० १०।१३।१९)

वेदवाणी 'सर्वं विष्णुमयं जगत्' को सत्य कर दिखानेके लिये भगवान् जड-चेतन स्वयं बन गये, अत: भक्त जब सारे विश्वको भगवान्से भिन्न नहीं जानता तभी उसे सतत भगवत्स्मृति रहती है तथा प्रवहमान जलधारासे सहगमन करनेवाले जलमें जैसे निर्मलता बनी रहती है, वैसे ही भक्तके अन्त:करणमें भी विकार नहीं आने पाते। रामचरितमानसमें भक्तकी महिमा इन शब्दोंमें वर्णित है–

सोइ सर्बग्य गुनी सोइ ग्याता। सोइ महि मंडित पंडित दाता।।
धर्म परायन सोइ कुल त्राता। राम चरन जा कर मन राता।।
नीति निपुन सोइ परम सयाना। श्रुति सिद्धांत नीक तेहिं जाना।।
सोइ कबि कोबिद सोइ रनधीरा। जो छल छाडि भजइ रघुबीरा।।

आइये, थोडा भक्तिपर भी विचार कर लें। **'भज इत्येष धातुर्वै सेवायां परिकीर्तिता'**। **'भज सेवायाम'** धातुसे भक्ति शब्द निष्पन्न होता है। भगवान् सर्वभूतोंमें आत्मास्वरूपसे विराजमान हैं, ऐसा जानकर मान-बडाईको त्यागकर यथाशक्ति सबकी सेवा करना ही सच्ची भक्ति है। भगवान् कपिल अपनी माता देवहूतिको सांख्यशास्त्रका उपदेश देते हुए कहते हैं–'जो सभी प्राणियोंमें मुझे विराजमान न देखकर उनकी अवहेलना–तिरस्कार करता है और मन्दिरमें मेरी मूर्तिकी पूजा-अर्चना करता है तो यह विडम्बनामात्र है।'–

अहं सर्वेषु भूतेषु भूतात्मावस्थित: सदा।
तमवज्ञाय मां मर्त्य: कुरुतेऽर्चाविडम्बनम्।।

(श्रीमद्भा० ३।२९।२१)

भक्ति दो प्रकारकी होती है– (१) विधि-प्रधान, जिसमें उपासनाकी तीन विधियाँ–वैदिक, पौराणिक तथा तान्त्रिकमेंसे किसी एक विधि से आराध्यकी उपासना की जाती है। (२) प्रेम-प्रधान, इसमें विधि गौण एवं प्रेम प्रमुख होता है। विधि-विधानत: ईश्वराराधन करते-करते अन्त:करणकी विशुद्धि होनेपर वैधी भक्ति ही प्रेमलक्षणा-भक्तिमें परिणत हो जाती है। यह भक्तिकी ही परमोत्कृष्ट स्थिति है। याद रखो, जबतक इस लोक या परलोकके भोगोंकी इच्छा शेष रहेगी, तबतक प्रेमाभक्ति हो ही नहीं सकती–

भक्तिमुक्तिस्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते।
तावत् प्रेमसुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत्।।

(पद्मपुराण)

प्रेमाभक्तिकी प्राप्तिका प्रमुख साधन भक्त एवं भगवान्के चरित्रोंका श्रवण ही है। एक विशेषता है, भक्ति भगवच्चरित्रोंके श्रवणसे जितनी नहीं बढती, उतनी भक्तोंके चरित्र-श्रवणसे बढती है–

द्रुतस्य भगवद्धर्माद् धारावाहिकतां गत:।
सर्वेशे मनसो वृत्ति: भक्तिरित्यभिधीयते।।

(भक्तिरसायन १।३)

श्रीमधुसूदन सरस्वतीजी अपने भक्तिरसायन ग्रन्थमें भगवच्चरित्रों एवं भक्तचरित्रोंके श्रवण-प्रभावसे अन्त:करणके द्रवित होनेपर मनकी वृत्तिका तैल-धारासदृश सतत प्रवहमान होनेको ही भक्ति बताते हैं। मनसे किसीका सतत स्मरण अत्यधिक प्रेम या शत्रुता होनेकी स्थितिमें ही होता है, अन्यथा नहीं। अत: ईश्वरमें प्रेमकी प्रगाढता ही मनको उनसे जोड सकती है। रूपगोस्वामीजीने इष्टदेवमें प्रेमावेशकी अधिकतासे मनके स्वाभाविक रूपसे अनुरक्त होनेको ही प्रेमलक्षणा भक्तिकी संज्ञा दी है–

इष्टे स्वारसिको राग: परमाविष्टता भवेत्।
तन्मयी या भवेद्भक्ति: सात्र रागात्मिकोदिता।।

प्रेमाभक्तिका साधक, अपने इष्टके चरणोंमें निरन्तर अनुराग बढे यही चाहता है, उसका साध्य भगवान् नहीं भक्ति ही होती है, यही कारण है भगवान्के भक्तिपरवश होकर दर्शन देनेपर भी वह उनसे भक्तिकी ही याचना करता है। ऐसा भक्त अपनेमें प्रेमकी उत्तरोत्तर वृद्धि होनेपर भी प्रेमकी कमी ही मानता है, उसका भगवत्प्रेम शुक्लपक्षके चन्द्रमाके समान बढता है, परंतु इसमें कभी पूर्णिमा नहीं आती, जिससे घटता ही नहीं है। यही भगवत्प्रेमरूपी चन्द्रमाकी विशेषता है–

प्रेम सदा बढिबो करै ज्यौं शशिकला सुवेष।
पै पूनो यामें नहीं ताते कबहुँ न शेष।।

जिस पुरुषार्थ-चतुष्टयकी सिद्धिके निमित्त यह मानव-तन मिला है, उसे भी प्रेमी भक्त भगवत्प्रेमपर न्योछावर कर देता है। उसकी सिद्धि पुरुषार्थ-चतुष्टयकी प्राप्तिमें नहीं, भगवत्प्रेमकी प्राप्तिमें है। ***'साधन सिद्धि राम पग नेहू'*** भक्तकी साधना और सिद्धि दोनों भगवत्प्रेम होता है। रामप्रेममूर्ति भरतजी तीर्थराज प्रयागमें स्नानकर त्रिवेणीजीसे आर्तभावसे माँगते हैं–

अरथ न धरम न काम रूचि गति न चहउँ निरबान।
जनम जनम रति राम पद यह बरदानु न आन।।

(रा०च०मा० २।२०४)

मुमुक्षु साधक जिस मुक्ति-प्राप्तिके लिये कई जन्मोंतक साधना करते हैं, उन पाँचों प्रकारकी मुक्तियोंको (१-सालोक्य= भगवद्धाम-प्राप्ति, २-सार्ष्टि=भगवान्के समान ऐश्वर्यभोग, ३-सामीप्य=भगवत्-समीपता, ४-सारूप्य=भगवद्रूपप्राप्ति एवं ५-सायुज्य=भगवान्के विग्रहमें समा जाना अर्थात् ब्रह्मरूपकी प्राप्ति) *'जेहिं जोनि जन्मौं कर्म बस तहँ राम पद अनुरागऊँ'।।* 'भगवत्प्रेममें डुबे श्रीहितहरिवंशजीने कहा है–

धर्माद्यर्थचतुष्टयं विजयतां किं तद् वृथा वार्तया।

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष किसी अन्यके लिये आदरणीय होंगे। मेरे लिये इनकी व्यर्थ चर्चासे क्या लाभ? प्रेमाभक्तिकी आचार्या गोपियाँ जिन्होंने उद्धव-जैसे ज्ञानी भक्तके ज्ञानके अहंकारको चूर्ण कर उन्हें भी प्रेमी भक्त बना दिया, उनकी स्थितिका वर्णन श्रीमद्भागवतमें इस प्रकार किया गया है–

या दोहनेऽवहनने मथनोपलेप-
प्रेङ्खेङ्खनार्भरुदितोक्षणमार्जनादौ।
गायन्ति चैनमनुरक्तधियोऽश्रुकण्ठ्यो
धन्या व्रजस्त्रिय उरुक्रमचित्तयानाः।।

(१०।४४।१५)

दूध दुहते, दही मथते, धान कूटते, घर लीपते, शिशुओंको झूला झूलाते, रोते बालकोंको चुप कराते, घरोंमें झाड़ू लगाते, यहाँतक कि सम्पूर्ण कार्य करते हुए निरन्तर श्रीकृष्णमें चित्त लगा होनेसे प्रेमाश्रुपूरित गद्‌गदकण्ठसे श्रीकृष्ण-लीलाओंको गानेवाली व्रजस्त्रियाँ धन्य कही गयी हैं। प्रेमाभक्ति होनेपर स्वाभाविक रूपसे सतत भगवत्स्मरण होनेके कारण ही प्रेमी साधक अन्य मार्गके साधकोंसे श्रेष्ठ कहा गया है–**'सा तु कर्मज्ञानयोगेभ्योऽप्यधिकतरा'** (ना०भ०सू० २५)।

◆ ॐ ◆

दिव्य वाणी

- भगवान्के मंगलमय विधानसे जो अनुकूल (सुखदायी) या प्रतिकूल (दु:खदायी) परिस्थिति आती है, वह हमारे हितके लिये ही होती है ।
- संसारका मालिक परमात्मा है और शरीरका मालिक मैं हूँ-ऐसा मानना गलती है ।जो संसारका मालिक है, वही शरीरका भी मालिक है।
- जैसे बालक हर अवस्थामें माँको ही पुकारता है, ऐसे ही हर अवस्थामें भगवान्को ही पुकारो ।

—*श्रीश्री* **रामसुखदासजी**

- विधिपूर्वक सब कामकाज करते जाओ और अन्त:करण में सदा भय रखो, भगवान् सदैव साथ हैं और देख रहे हैं, यह ध्यान में रखकर कामकाज करने से जीव सहज में कल्याण-लाभ करता है।

—श्रीश्री १०८ स्वामी राम दासजी काठियाबाबाजी महाराज

- केवल कर्तव्य-बुद्धि से कार्य करना चाहिये फल की आशा से नहीं।
- सांसारिक काम सेवा-बुद्धि से करने पर वह भगवत्-आराधना के सदृश है।

—श्रीश्री १०८ स्वामी सन्त दासजी काठियाबाबाजी महाराज

हिन्दी-कवियोंके नीतिवचनामृत

प० श्रीउमाशंकरजी मिश्र 'रसेन्दु' आचार्य

हिन्दी साहित्याकाशमें ऐसे-ऐसे ज्योतिष्क—नक्षत्रस्वरूप कविगण हुए हैं, जिनकी विमल नीति-काव्य-प्रभा मानवपथको अविराम आलोकित कर रही है। इनमें कुछ तो भुवनभास्करतुल्य हैं, कुछ सुधाकर और कुछ-कुछ प्रखर नक्षत्र-मल्लिकाओंकी भाँति अद्भुत आलोक प्रसारित कर रहे हैं। युगद्रष्टा गोस्वामी तुलसीदास, महात्मा सूर, कबीर, दानवीर रहीम, वृन्द कवि, गिरधरदास, दीनदयाल, पं० रामचरित उपाध्याय, महापण्डित घाघकी युक्तियाँ और नीतियाँ अपने अचूक अर्थ-प्रभावके कारण स्वसिद्ध-सूत्रकी भाँति भारतीय जनमानसका कलकण्ठहार बन चुकी हैं। ऐसे अचूक शक्तियुक्त सरस दोहे, चौपाइयाँ एवं छन्द अपने असीम अर्थ-गाम्भीर्यकी शक्तिमत्तासे विलक्षण प्रभावकारी हैं। रीतिकालीन महाकवि बिहारीलालके जिस दोहेकी अभिव्यञ्जना-शक्तिने मिर्जा राजा जयसिंहके हृदयपटलको क्षणमात्रमें परिवर्तित कर दिया था वह दोहा इस प्रकार है—

नहिं परागु नहिं मधुर मधु, नहिं बिकास यह काल।
अली, कली ही सों बँध्यो, आगे कौन हवाल॥

असार-संसार, वाणी-व्यवहार, राज-समाज, कर्तव्या-कर्तव्य, धर्माधर्म और संसारी सम्बन्धोंपर इन कवियोंकी नीतियाँ सदा-सर्वत्र द्रष्टव्य हैं। ये नीतियाँ मानव-जीवनपथकी सशक्त-सक्षम पथदर्शिका बनकर जीवनयात्राको निर्भय, निष्कलंक सम्पन्न कर देती हैं।

संसारकी असारताका तात्त्विक विश्लेषण करते हुए महात्मा कबीरने वास्तविक सत्यको उद्घाटित किया है। इस शाश्वत सत्यको स्वीकार करनेमात्रसे जीवनकी यथार्थता, दहीसे प्रकट नवनीतकी भाँति छलक आती है। अनित्य संसारमें मायाकी सम्मोहक चकाचौंधमें मनुष्य कैसा भूल गया है कि उसे नित्य सत्य वस्तुकी आत्मानुभूति भी विस्मृत हो चुकी है। सम्मोहक संसारी रूप कितना स्थिर है, इसकी अभिव्यञ्जना सेमर-फूलसे की गयी है—

ऐसा यह संसार है, जैसे सेमर फूल।
दिन दस के व्यौहार में, झूठे रंग न भूल॥

(कबीर)

संसारसागरकी यात्रा करता हुआ मनुष्य, दूसरेको देखकर कभी गर्वसे सिर ऊँचा करता है, कभी वह दूसरोंपर हँसता है, उसे इसका ध्यान ही नहीं रहता कि मेरी नौका भी अभी इसी सागरके मध्यमें चक्कर काट रही है, न जाने किस वायुके झोंकेसे डूब जाय। कविवाणी कितनी मार्मिकतासे ओत-प्रोत है, यह तो सहृदय भावुक ही समझता है—

कबिरा गर्ब न कीजिये, और न हँसिये कोय।
अजहूँ नाव समुद्र में, ना जाने का होय॥

संसारी लोगोंको पीयूषरससे ओत-प्रोत करनेका श्रेयस्कर और अतिपवित्र कार्य संत-महात्मा और मनीषी कविवर सदासे करते आये हैं। उन्होने विषयानलदग्ध मानवको प्रेमामृतरससे सींचनेका गुरुतर कार्य किया है। हिन्दी कवियोंकी नीतियाँ उपदेशात्मक, निर्देशात्मक एवं अन्योक्ति शैलीमें अभिव्यक्त हुई हैं। साहित्यिक दृष्टिसे भावसम्प्रेषणीयता एवं प्रभावोत्पादकताकी प्रधानतासे नीतिके छन्द सदैव लोकसमादृत हैं।

महात्मा श्रीतुलसीदासजीने प्रेमरसको कल्पतरुके सदृश सकल कामनासिद्ध सर्वोत्तम साधन स्वीकार करते हुए कलितरुसदृश अधर्मसेवनको निष्फल ही बताया है। ऐसी सुन्दर हितकारी सुनीतिका समादर सर्वथा सुख और शान्ति प्रदान करनेवाला है—

राम कामतरु परिहरत सेवत कलि तरु ठूँठ।
स्वरथ परमारथ चहत सकल मनोरथ झूँठ॥

(तुलसी)

इस प्रसंगमें हिन्दीके मध्यकालीन कवि 'सम्मन' के नीतिवचनामृतका उल्लेख करना भी औचित्यपूर्ण है। निम्नांकित सोरठा अपनी भाव सम्प्रेषणीयताके लिये स्मरणीय है—

सम्मन मन की भूल, सेवा करी करील की।
चाहत उन ते फूल, जिन डारन पत्ता नहीं॥

(सम्मन)

वाणी-व्यवहार— आज समाजमें मात्र वाणी-व्यवहारके असंयमसे कटुतापूर्ण झंझावात-सा छा गया है। हिन्दी-कवियोंने हृदयविदारक, विषवत् वाणी-व्यवहारको त्याज्य बताया है;

साथ ही मधुर वाणीको हृदय जीतनेका मन्त्र भी बता दिया है—

तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजन चहूँ ओर।
बसीकरन यह मंत्र है परिहरू बचन कठोर।।

(तुलसी)

महात्मा कबीरदासजी का कहना है—

ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय।
औरन कौं सीतल करै, आपहु सीतल होय।

राज-समाज—शासकोंके व्यापक प्रभाव-विस्तारसे सभी परिचित हैं। उत्तम राजव्यवस्था (शासन-प्रशासन), उत्तम स्वस्थ समाज, पारदर्शी एवं लोकोपकारी सरकारकी अपेक्षा सभी करते हैं। राज-समाजका सम्बन्ध अन्योन्याश्रित है। समाज अपने मुखियाके हाथोंमें देशकी बागडोर समर्पित कर देता है। मुखियाके उदात्त गुणों, उसके शीर्षस्थ कर्तव्योंको लक्षित करते हुए युगद्रष्टा विश्वकवि गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी लिखते हैं—

मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक।।

आज इसी विवेकके अभावके कारण अनेक वादोंका जन्म हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप शासन-प्रशासन विफल हो रहा है, प्रजा असंतुष्ट और उद्विग्न होती जा रही है। ऐसेमें हिन्दी-कवियोंके वचनामृत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

हिन्दी-साहित्यकारोंने नीतियोंके हितोपदिष्ट परम्पराका पूर्णतया निर्वहन किया हैं। मुगलकालमें मिर्जा राजा जयसिंह शाहजहाँ बादशाहकी ओरसे हिन्दू राजाओंको पराभूत करनेमें संलग्न थे। उनके कुकृत्योंको देखकर, उन्हींको लक्ष्य करके कविवर श्रीबिहारीलालने मर्मस्पर्शी नीति-सूत्रमन्त्रसे उन्हें परिवर्तित कर दिया था। आज भी उस नीतिका स्मरण तथा उसे हृदयंगम करनेकी आवश्यकता है—

स्वारथ सुकृत न श्रमु बृथा, देखि बिहंग बिचारि।
बाज पराये पाणि पर, तू पछीहि न मारि।।

(बिहारी)

यहाँ कतिपय विशिष्ट नीतिकार कवियोंकी उत्तम नीतियोंका उल्लेख किया जा रहा है—

संसारी लोगोंकी रीति—

हरे चरहिं तापहिं बरे जरत फरें पसारहिं हाथ।
तुलसी स्वारथ मीत सब परमारथ रघुनाथ।। (तुलसी)

सच्चे मित्रकी कसौटी—

कहि रहीम सम्पति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
बिपति-कसौटी जे कसे, सोही साँचे मीत।। (रहीम)

धीरज धर्म मित्र अरु नारी।
आपद काल परिखिअहिं चारी।। (तुलसी)

कर्मकी प्रधानता और परिणाम—

'करम प्रधान बिस्व करि राखा।'

बरनाश्रम निज निज धरम निरत वेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग।।

(तुलसी)

परोपकार धर्म—

पर हित सरिस धर्म नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।। (तुलसी)

अच्छे-बुरेकी पहचान—

भलो भलाइहि पै लहइ लहइ निचाइहि नीचु।
सुधा सराहिअ अमरताँ गरल सराहिअ मीचु।। (तुलसी)

स्वार्थी मनुष्योंके कार्य—

काज परै कछु और है, काज सरै कछु और।
रहिमन भँवरी के भए, नदी सिरावत मौर। (रहीम)

समय-असमयकी बात—

जिहि अंचल दीपक दुर्‍यो, हन्यो सो ताही गात।
रहिमन असमय के परे, मित्र शत्रु ह्वै जात।

(रहीम)

शाहोंका शाह कौन—

चाह गई, चिन्ता मिटी, मनुवाँ बेपरवाह।
जिन को कछू न चाहिये, सो जग साहनसाह।।

(कबीर)

शोचनीय कौन ?—

सोचिअ पुनि पति बंचक नारी। कुटिल कलहप्रिय इच्छाचारी।।
सोचिअ बटु निज ब्रतु परिहरई। जो नहिं गुर आयसु अनुसरई।।
सोचिअ गृही जो मोह बस करइ करम पथ त्याग।
सोचिअ जती प्रपंच रत बिगत बिबेक बिराग।।

किसका जीवन व्यर्थ है—

साधु समाज न जाकर लेखा। राम भगत महुँ जासु न रेखा।।
जायँ जिअत जग सो महि भारू। जननी जौबन बिटप कुठारू।।
नर तनु पाइ बिषयँ मन देहीं। पलटि सुधा ते सठ बिष लेहीं।।

धीर कौन—

सुख हरषहिं जड़ दुख बिलखाहीं। दोउ सम धीर धरहिं मन माहीं।।
धीरज धरहु बिबेक बिचारी। छाड़िअ सोच सकल हितकारी।।

किसके लिये क्या असम्भव है—

सेवक सुख चह मान भिखारी। ब्यसनी धन सुभ गति बिभिचारी।।
लोभी जसु चह चार गुमानी। नभ दुहि दूध चहत ए प्रानी।।
(तुलसी)

कुमार्गगामीकी दशा—

इमि कुपंथ पग देत खगेसा। रह न तेज तन बुधि बल लेसा।।

क्या न करें—

सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीती। सहज कृपन सन सुंदर नीती।।
ममता रत सन ग्यान कहानी। अति लोभी सन बिरति बखानी।।
(तुलसी)

संपत्ति-विपत्तिके स्थान—

जहाँ सुमति तहँ संपति नाना। जहाँ कुमति तहँ बिपति निदाना।।
(तुलसी)

कौन लोग त्याज्य हैं—

नारि करकसा कटहा घोर, हाकिम होइके खाइ अँकोर।
कपटी मित्र पुत्र है चोर, घग्घा इनको गहिरे बोर।।
(घाघ)

किन-किनको भेद नहीं बताना चाहिये—

नारिन सो लरिकान सो, भेद कहौ जनि कोइ।
वे दुराइ जानत नहीं, निहचै प्रगटै सोइ।। (जान कवि)

संगका प्रभाव-कुप्रभाव—

कदली, सीप, भुजंग-मुख, स्वाति एक गुण तीन।
जैसी संगति बैठिये, तैसोइ फल दीन।। (रहीम)

प्रभुताका प्रभाव—

नहिं कोउ अस जनमा जग माहीं। प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं।।
(तुलसी)

स्वार्थकी व्यापकता—

सुर नर मुनि सब कै यह रीती। स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती।।

बिना विचारे कार्यका परिणाम—

बिना बिचारे जो करै सो पीछे पछताय।
काम बिगारै आपनो जगमें होत हँसाय।।
(गिरधरदास)

सच्चा सेवक—

सेवक सोई जानिये, रहै बिपति में संग।
(वृन्दकवि)

रोषपूर्ण वचन नहीं बोलने चाहिये—

रोष न रसना खोलिये बरू खोलिए तरवारि।
सुनत बचन परिनाम हित बोलिय बचन विचारि।।
(वृन्दकवि)

रे सठ, बिन गोबिंद सुख नाहीं।
तेरौ दु:ख दूरि करिबे कौं, रिधि सिधि फिरि-फिरि जाहीं।।
सिव, बिरंचि, सनकादिक मुनिजन इनकी गति अवगाहीं।
जगत-पिता जगदीस सरन बिनु, सुख तीनौं पुर नाहीं।।
और सकल मैं देखे ढूँढ़े, बादर की सी छाहीं।।
सूरदास भगवंत-भजन बिनु, दुख कबहूँ नहिं जाहीं।।
(सूर-विनय-पत्रिका १२३)

◆ ॐ ◆

आश्रम संवाद

- आगामी २०१४ जुलाई में हमारे गुरुमहाराज श्रीश्री १०८ स्वामी रासविहारीदास काठियाबाबाजी के समुपस्थिति में भक्त नगरी शिलचर आसाम में ०५/०७/२०१४ से १२/०७/२०१४ तक श्रीश्रीगुरुपूर्णिमा महामहोत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जायेगा। इस अष्टदिवसात्मक सनातन धर्म सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने जीवन को धन्य बनायें।
- इस साल २०१४ दिसम्वर महीने में हमारे बाबाजी महाराज स्वामी रासविहारीदासजी काठियाबाबाजी महाराज की पावन सान्निध्य में करीमगंज आसाम में गुरु महाराज के जन्म महोत्सव मनाया जायेगा। ६-१२-२०१४ से १३-१२-२०१४ तक अष्ठदिवस व्यापी सनातन धर्म महामहोत्सव में समुपस्थित होकर आप अपने दुर्लभ जीवन को लाभान्वित करें।
- हमारे गुरुमहाराजजी श्री श्री १०८ स्वामी रासविहारीदासजी काठियाबाबाजी महाराजजी भक्तगणों के अनुरोध से विदेश में निम्नलिखित स्नानों में भ्रमण करेंगे - तथा ३०/६/२०१४ को भारत वापस आयेंगे। लन्दन, वारमिंहाम, स्कट्ल्याण्ड, टोरन्टो, (कनाडा) निउइयर्क, निउजीर्सि, फ्लोरिडा, कालाम्बास, हिउस्ट्रन व सानफांसिसको।
- भक्तों के अनुरोध से गुरुमहाराजजी २०१५ साल के अप्रेल / मई महीने में भक्तों को लेकर युरोप सफर पर निकलेंगे। यात्रा के दौरान वे इटाली, प्यारिस, जार्मानी सुईजारल्याण्ड, निस, फ्रांफुट, लन्दन, आदि युरोपीय देशों में जायेंगे। सम्पर्कसूत्र श्री दिलिप पाल - ०९८७४४५२६५८।
- हमारे बाबाजी महाराज स्वामी रासविहारीदासजी काठियाबाबाजी बंगलादेश मे चट्टग्राम, ककसबाजार, वामै, हविगंज तथा सिलेट आदि शहरों में भ्रमण हेतु जायेंगे। कोई भक्तजत साथ में जाना चाहें तो सम्पर्क करें। सम्पर्कसूत्र - ०९८७४४५२६५८
- आगामी २०१५ अगस्त महीने के १५ दिनांक से सिताम्वर १० तक पुण्यभूमि नासिक में (महाराष्ट्र) पूर्णकुंभमेला लगेगा। इस उपलक्ष्य में अवारित साधुसेवा तथा तीनों तिथियों में पवित्रतोया गोदावरी में शाही स्नान होगा। उन तिथियों में उपस्थित रह कर अपने जीवन को सफल बनायें।
- आगामी २०१६ अप्रैल / मई महीना अर्थात् वैशाख में पुण्यभूमि गुरु सान्दीपति नगरी उज्जयिनी मध्यप्रदेश में परमपवित्र सिप्रानदी के तट पर पुर्णकुंभ मेला लगेगा। इस उपलक्ष्य में अवारित साधुसेवा तथा तीनों तिथियों में सिप्रानदी में स्नानादि दिव्यकार्य सफल होगा। उपस्थित होकर जीवन को धन्य करें।
- पुरी, अशोकनगर, शिलिगुड़ी, गौहाटी, तथा मानिकबाजार आश्रम में श्रीश्री काठियाबाबा चैरिटेंबॅल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क एलोप्याथिक एवं होमिउप्याथिक सेवा उपलब्ध है। गंगासागर में खिचड़ी सेवा प्रदान की जाती है। इस तरह श्रीश्री काठियाबाबा चैरिटेंबॅल ट्रस्ट की सेवा-भावना सर्वत्र प्रसिद्ध है।
- बंगलादेश निम्बार्क आश्रम, श्रीकाठियाबाबा का स्थान श्रीधाम वृन्दावन, पुरी शाश्रम, हरिद्वार आश्रम गौहाटी आश्रम, तिनसुकिया आश्रम, लामडिं, कैलाशहर आश्रम, आदि आश्रम में सेवा-पूजा तथा कहीं कहीं गोसेवा भी सूचारू रूप से चल रही है।
- शिलिगुड़ी में नवविग्रह प्रतिष्ठार्थ आश्रम निर्माणकार्य एवं दक्षिणेश्वर में काठियाबाबा साधनाश्रम का निर्माणकार्य धीरे धीर अग्रसर हो रहा है। जनता जनार्दन ध्यान दें।
- सभी भक्तों के मतानुसार एवं इच्छानुसार गुवाहाटी, आसाम में ब्रह्मपुत्र नद के तट पर स्थित स्वामी धनंजयदास काठियाबाबा सेवाश्रम एवं युगलमूर्त्ति की प्रतिष्ठा दिवस, योगीराज श्रीरामदास काठियाबाबाजी के तिरोभाव महोत्सव पर ही दिनांक ११-०१-२०१४ को मनाया गया। ऐसा दिव्य अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों उपस्थित होकर महोत्सव की शोभा बढ़ाई।

- इस साल २४ अप्रेल, २०१४ सोमवार हमारे गुरुमहाराजजी श्रीश्री स्वामी धनंजयदास काठियाबाबाजी महाराज का तिरोभाव महोत्सब वहुत ही धुमधाम से श्रीकाठियाबाबा का स्थान गुरुकुलमार्ग श्रीधाम वृन्दावन में मनाया गया। उस समय भक्तों ने सत्संग के माध्यम से इस मर्त्यजीवन को लाभान्वित किया।
- २०१३ सन् के दिसम्बर महीने में हमारे परमाराध्य श्री गुरुदेव स्वामी रासविहारीदास जी काठियाबाबाजी का पुण्य जन्मोत्सव श्रीमान् मिहिर दासगुप्ता, जैलरोड-धर्मनगर में (त्रिपुरा) विविध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठानों के माध्यम से धूमधाम से मनाया गया।
  इस उपलक्ष्य में कलकत्ता महानगरी से भागवतशाली श्रीनवव्रत ब्रह्मचारीजी महाराज, काशी वाराणसी से विख्यात पण्डित श्रीयुक्त चित्तरंजन चक्रवर्त्ती सहित अनेकानेक पण्डित एवं भजनसम्राट श्रीमान् राजुदास भी उपस्थित थे। देशों एवं विदेशों से भक्तलोग आकर महामहोत्सव की शोभा वढ़ाई और सत्संग के माध्यम से जीवन को धन्य किया।
- आपार आसाम में स्थित तिनसुकिया महानगरी में अवस्थित स्वामी धनंजयदासजी काठियाबाबा सेवाश्रम एवं मन्दिरमूर्त्ति प्रतिष्ठा महामहोत्सव, २०१३ साल के नभम्बर महीने में श्रीनिम्बार्क जयन्ती महोत्सव के दिव्य दिवस पर सुसम्पन्न हुआ। विविध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठानों के माध्यम से सप्ताहव्यापी प्रतिष्ठा महामहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तजन पधार कर सत्संग के माध्यम से इस मर्त्यजीवन को लाभान्वित किया।
- गत अक्टुबर महीने में १८.१०.२०१३ से २६.१०.२०१३ दिनांक तक काठियाबाबा का स्थान गुरुकूल मार्ग में अनुपम भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन हुआथा। ऐसा दिव्य अवसर पर आप की उपस्थिति से कार्य सुसम्पन्न हुआ।
- गत वर्ष हमारे गुरुजी महाराज स्वामी रासविहारीदासजी काठियाबाबा जी महाराज की दिव्य उपस्थिति में त्रिपुरा स्टेट स्थित चुराईवाडी में विराजमान विश्वेश्वरी माता मन्दिर में श्रीश्रीगुरुपूर्णिमा महामहोत्सव, विविध शास्त्रीय अनुष्ठानों के माध्यम से मनाया गया। महोत्सव में भजन सम्राट श्रीमान् अनुप जलोटाजी, काशी के पण्डित चित्तरंजन चक्रवर्त्तीजी एवं भागवतवक्ता के रूप में श्री ब्रह्मचारी जी नवब्रत जी समुपस्थित थे। १५.०७.२०१३ से २१.०७.२०१३ सप्तदिवस विविध शास्त्रीय अनुष्ठान हुए। अन्तिम दिवस २२.०७.२०१३ दिनांक को पूर्णिमा महोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया। रात्रि में अनुप जलोटाजी द्वारा दिव्य संगीत सम्मेलन के बाद महोत्सव समापन हुआ।
- श्रीश्रीकाठियाबाबा का स्थान गुरुकूलमार्ग श्रीधाम वृन्दावन से आश्रम की सेवा-पूजा तथा महोत्सव संबंधीय पत्र किसी को मिलता हो या न मिलता हो वह अवश्य ही आश्रम के पते में (श्रीकाठियाबाबा का स्थान, गुरुकूल मार्ग, पो० वृन्दावन, जिला मथुरा) सम्पर्क करके सबतरह की जानकारी लें। क्योंकि आगे के लिए कोई कठिनाई का सामना न करना पडे। आश्रम में गो सेवा, सन्तसेवा तथा आश्रम विषयक सभी तरह की सेवा भगवत्कृपा से सुचारुढंग से हो रही है।
- श्रीनिम्बार्क सम्प्रदायी सन्तों का मुख्य धाम श्री द्वारका धाम में श्रीभगवत्कृपा से श्रीधनंजयदास काठियाबाबा सेवाश्रम के नाम से एक सुन्दर आश्रम का निर्माण हुआ है। इस आश्रम के युगल विग्रह के प्रतिष्ठा महोत्सव श्रीश्री गोपालमहायज्ञ एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बहुत समरोह के साथ दिनांक २७-०३-२०१३ को सुसम्पन्न हुआ। असंख्य भक्तों की भीड थी। प्रतिदिन भक्तों के लिये प्रसाद की सुव्यवस्था थी। भक्तलोग भी विविध लीलास्थलियों का दर्शन करके कृत कृत्य हो गये।
- पंजाब अमृतसर स्थित लोनाचमेरी गाव में श्रीश्रीकाठिया बाबा रामदासजी महाराजजी के स्मृति मन्दिर का निर्माणकार्य चल रहा है।
- पश्चिमबंगाल बाँकुडा जिला में स्थित विष्णुपुर में जो जमीन ली गई थी, उसी में स्वामी रामदासजी काठियाबाबा की स्मृति में नानाविध कालेज निर्माण की चर्चा चल रही है। वाउन्ड्रि निर्माणाधीन है।

निवेदक-
श्रीकाठियाबाबा चेरीटेवल ट्रस्ट
श्रीधाम वृन्दावन।

श्रीकाठियाबाबा चैरिटॅबॅल ट्रस्ट, श्रीकाठियाबाबा का स्थान श्रीधाम वृन्दावन द्वारा परिचालित आश्रमसमूह

मुख्य आश्रम एवं प्रचारकेन्द्र

श्रीकाठियाबाबा का स्थान

गुरूकुल मार्ग, श्रीधाम वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश,
दूरभाष : ०५६५ २४४२७७०

शाखा आश्रम एवं प्रचारकेन्द्रसमूह

- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  बालियापांडा, सिपासुरवालि, पुरी, ओड़िसा
  पिन : ७५२००१
  दूरभाष : (०६७५२) २३०-२४४, ०९९३७३७११०३
- श्रीनिम्बार्क स्मृति संग्रहालय
  गोपालधाम, ४६/३९, एस.एन बनर्जी रोड
  कोलकाता- ७०००१४, दूरभाष : ९३३१९४१६५५
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  दौलतपुर, पो० : सेनडांगा
  अशोकनगर, उत्तर २४ परगना, पिन्न : ७४३२७२
  दूरभाष : ९७३३६५८६४१
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  देवपुरा, हरिद्वार, उत्तरांचल, पिन : २४९४०१
  दूरभाष : ०१३३४-२२६७३०
- श्रीनिम्बार्क साधनाश्रम
  पो० : लामडिं, ग्राम : मुरावस्ती, जेला : नवगाँ, असाम
- श्रीनिम्बार्क आश्रम
  बाधारघाट (उ. एन. जि. सि.-एर निकट), आगरतला,
  त्रिपुरा, पिन : ७९९०१४
  दूरभाष : ०९४३६१२४६१५
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  मानिक बजार, बाँकुड़ा, पिन : ७२२२०७
  दूरभाष : ९४३४१८५५५४
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम (निर्माणाधीन)
  ११, उपेन्द्रनाथ मुखर्जी रोड, पो० - दक्षिणेश्वर
  कलकाता - ७०० ०७६, दूरभाष : ९८७४४५२६५८
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  रुक्मिणी मन्दिरके विपरीत, द्वारका, गुजरात
  दूरभाष : ०९४०१३५२१२१
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  पाण्डु टैम्पल रोड, पाण्डु, गौहाटी, असाम
  पिन : ७०१०१२, दूरभाष : ०९४३५०४२९१२
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम
  अश्विनी दत्त रोड, निउ कलोनी, तिनसुकिया, असाम
  पिन : ७८६१२५, दूरभाष : ९४३५१३४९५१
- श्रीधनंजय दास काठियाबाबा सेवाश्रम (निर्माणाधीन)
  घोघोमाली वजार, पाइप लाइन, शिलिगुड़ि
  पिन : ७३४००६, दूरभाष : ९४३४००९१९१
- श्रीनिम्बार्क सेवाश्रम
  काचेर घाट, कैलाशहर, त्रिपुरा (उ:),
  दूरभाष : ९८५६०२९६६१
- श्रीनिम्बार्क तपोवन
  लालवाँध, विष्णुपुर, बाँकुड़ा, दूरभाष : ९८५६०२९६६१

প্রশ্ন	উত্তর
● জীবনের লক্ষ্য কি?	আত্মজ্ঞানোপলব্ধি অথবা নিত্য শ্রীভগবচ্চরণ স্মরণ।
● সংসারে বদ্ধ কে?	যে বিষয়বস্তুতে সদা অনুরক্ত।
● শত্রু কাহারা?	নিজের ইন্দ্রিয় সমূহ।
● শ্রীগুরু কে?	যিনি আত্মতত্ত্বোপদেষ্টা।
● জগৎ জয় করেন কে?	যিনি মনকে জয় করেছেন।
● পশু কে?	যিনি অধ্যাত্মবিদ্যাহীন।
● দুঃখের মূল কি?	বিষয় এবং ব্যক্তির প্রতি মমতা।
● মানবধর্ম কি?	ত্যাগ, সংযম, সত্য ও অহিংসা।

দিব্য বাণী

- নান্যা গতিঃ কৃষ্ণপদারবিন্দাৎ - এই সংসারে শ্রীরাধাকৃষ্ণচরণ ভিন্ন জীবের আর অন্য কোন গতি নাই। সুতরাং বিশ্বময় সর্বত্র রাধাকৃষ্ণময় জানিয়া মনঃ সংযমপূর্বক প্রভুর শ্রীচরণে শরণাগত হও। ইহাই এই মানবজীবনের চরম লক্ষ্য।

— শ্রীশ্রী নিম্বার্কাচার্য্যজী মহারাজ

- হাত মেঁ কাম, মুখ মেঁ রাম, মন মেঁ ধ্যান। ভিতর সে কাম করনা, নিন্দা স্তুতি কো দেখনা নহী। সদা শুক্র রহনা।

— শ্রীরামদাসজী কাঠিয়া বাবাজী মহারাজ

- দোষ দর্শন মহৎ দোষ। পরদোষ দর্শনে তৎক্ষণাৎ চিত্ত মলিন হয়। মনেই বন্ধন মনেই মুক্তি। সংসারে কোন বন্ধন নাই। স্ত্রী-পুত্রে, ধন-জনে, যে আপন বোধ তাহাই বন্ধন।

— শ্রীশ্রী সন্তদাসজী কাঠিয়া বাবাজী মহারাজ

- অনুক্ষণ ভগবৎ চিন্তা পরম শান্তিদায়ক। সর্বাবস্থায় শ্রীগুরু ও শ্রীভগবানের উপর নির্ভর করে নিশ্চিন্ত ও নির্ভয় চিত্তে শ্রীগুরুর উপদেশ মত চলিতে থাক ও উপস্থিত কর্তব্য পালন করিতে থাক। তাহলেই যথার্থ কল্যাণ লাভ করিতে পারিবে।

— শ্রীধনঞ্জয় দাসজী কাঠিয়া বাবাজী মহারাজ

Printed & Published by Sri Dilip Kumar Saha on behalf of Sri Kathia Baba Charitable Trust, Sridham Vrindavan. Printed at Ashis Das, Ami Printers, 59, Surya Sen Street, Kolkata - 700 009 and Published at : Sri Nimbarka Jyoti Karyalaya, Sri Gopal Dham, 46/39, S. N. Banerjee Road, Kolkata - 14, Mobile: 9831338884 Editor : Narahari Dasji on behalf of Sri Kathia Baba Charitable Trust, Sridham Vrindavan, Price : Rs. Fifty Only. Sri Nimbarka Jyoti (Bengali-Hindi-English), April, 2018.